तापमान

अधिकतम 38.4 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 28 मार्च 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



11 सामाजिक समरसता हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषताः ताम्रध्वज





11 नव निर्वाचित सरपंच व पंच ने विधायक ललित से मुलाकात की मुलाकात




## खबर संक्षेप

### नशे में वाहन चलाने वाले 91 लोगों पर कार्रवाई



**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाया। इस दौरान पिछले 10 दिन में 1235 वाहनों की जांच की गई। इसमें 91 वाहन चालक ऐसे मिले, जो नशे की हालत में वाहन चला रहे थे। उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके अलावा बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 1081, मॉल वाहक में सवारी ढोने वाले 41, नो इंट्री में प्रवेश करने वाले 22 भारी वाहनों पर कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा में निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। सतांनद विध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जगह-जगह कार्रवाई की गई। प्रकरण तैयार कर वाहन चालकों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से प्रत्येक वाहन चालक पर 10,000 रुपए अर्थदंड लगाया गया। साथ ही ऐसे वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित कर करने परिवहन विभाग को सिफारिश की गई। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करें। किसी भी प्रकार के नशा करके वाहन न चलाएं। बिना हेलमेट दो पहिया वाहन ना चलाएं।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने दिलाया बर्तन



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पहल की है। उनकी अनुशंसा पर तुलसी स्व सहायता समूह रिसाली को बर्तन उपलब्ध कराया गया। आजीविका मिशन कार्यालय में आयुक्त मोनिका वर्मा, विधायक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू व राजू जंघेल ने समूह को बर्तन सौपा। वन टाइम यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल सामानों पर प्रतिबंध लगाने के बाद सरकार समूह के माध्यम से बर्तन बैंक खुलवा रही है। इसके लिए आजीविका मिशन के माध्यम से निःशुल्क बर्तन दिया जा रहा है। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि महिला समूह बर्तनों का निश्चित दर पर किराए पर देगी। आमदनी से कुछ राशि जोड़कर वे बर्तनों की संख्या को बढ़ा भी सकती है। बर्तन सौपते समय गोपाल सिन्हा, टिकेन्द्र वर्मा, आईरा आनंद, अरूणा धृतलहरे, मुकेश देशमुख, कुंजेश्वरी साहू, लता महानंद आदि मौजूद थे।

## भिलाई निगम बजट : ई बस सुविधा, वार्डों में अधोसंरचना मद से 10-10 लाख रुपए ,वेंडिंग जोन भी बनेंगे

# 619.55 करोड़ का बजट पेश, सदन में आज होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

*भिलाई निगम का वर्ष 2025-26 का बजट महापौर नीरज पाल ने बुधवार को विशेष सम्मेलन में पेश किया। आयुक्त राजीव पांडेय द्वारा प्रस्तुत बजट को एमआईसी और पार्षदों के सुझाव आने के बाद संशोधित बजट महापौर ने 619 करोड़ 55 लाख 47 हजार रुपए व्यय का पेश किया है। शहर में ई- बस सुविधा शुरू होगी। सभी 70 वार्डों में अंधोसंरचना मद से विकास के लिए 10-10 लाख रुपए दिए गए हैं। वेडिंग जोन भी सभी वार्डों में बनाए जाएंगे। शहर की स्वच्छता और कचरे के निष्पादन से बॉयो गैस का निर्माण होगा।*

शहर के मुख्य सड़कों का निर्माण, सफाई, पेयजल आदि पर खर्च का प्रावधान रखा गया है। सभापति गिरवर बंटी साहू की अध्यक्षता में हुई इस बजट को सर्व सम्मति से पारित कर लिया गया है और इस पार 27 मार्च को सामान्य सभा में चर्चा की जाएगी।

### शहर के विकास के लिए सामान्य सभा में पार्षद देंगे सुझाव





### बजट पर सदन में रही गहमागहमी

महापौर द्वारा पेश बजट के बाद दो घंटे तक सदन गरमाया रहा। पार्षदों ने अपने वार्ड में विकास कार्य के लिए फंड नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। उपनेता दया सिंह, पार्षद पीयूष मिश्रा ने पार्षदों को आरोप प्रत्यारोप के बजाय बजट पर चर्चा करने पर जोर दिया। एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, पार्षद नेहा साहू, पार्षद महेश वर्मा, हरिओम तिवारी आदि ने अपनी बातें रखी।

### 50 ई बस सुविधा

आवागमन सुविधाओं के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 50 ई बस सुविधा की अनुमति है। जिसके लिए केंद्र से आठ करोड़ पैसठ लाख प्राप्त हो चुकी है। इस राशि डिपो एवं सब स्टेशन निर्माणाधीन हैं। जिसे शुरू किया जाएगा।

### अंधोसंरचना मद का 10-10 लाख

अधोसंरचना मद से सभी 70 वार्डों में विकास कार्य के लिए 10-10 लाख रूपये की राशि के बजट में रखा गया है।

### खेल परिसर का निर्माण -

प्रियदर्शनी परिसर में जहां एक ही जगह पर स्विमिंग पूल, स्केटिंग, रनिंग ट्रेक, ऑडिटोरियम, तीरंदाजी, शूटिंग आदि का निर्माण प्रस्तावित है। निर्माण कार्य के लिए एम.आई.सी. से सहमति प्रदान कर दी गई है। कुछ खेल गतिविधियों के लिए राशि भी प्राप्त हो गई है। यह खेल परिसर ऐसा बनेगा जहां पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिताएं हो सकेगी।

### जुनवानी खम्हरिया तालाब में जलभराव

77 एवं 66 एमएलडी से निकलने वाले शेष पानी को फिल्टर करके अब 4 करोड़ की लागत से नेहरू नगर कौशल यादव पेट्रोल पंप से पाइपलाइन बिछाकर स्मृति नगर नहर के मध्य होते हुए स्मृति नगर तालाब जुनवानी खमरिया तालाब का जलभराव कार्य होंगे।

### चार नए पानी टंकी का निर्माण

शहर में कुल 14 पानी टंकियों से पेयजल प्रदान किया जा रहा है। 15 वे वित्त आयोग से 4 नई पानी टंकियों का निर्माण चल रहा है। कैंप एरिया, रामनगर, खुर्सीपार और सुपेला क्षेत्र शामिल है।

### महापौर ने संशोधित बजट पेश किया

महापौर नीरज पाल ने महापौर परिषद पर चर्चा उपरान्त प्रांरभिक शेष राशि 227 करोड़ 97 लाख 33 हजार एवं आय 573 करोड़ 81 लाख 12 हजार इस प्रकार कुल 801 करोड़ 78 लाख 45 हजार के विरूद्ध 619 करोड़ 55 लाख 47 हजार का व्यय संशोधन एवं सुझाव के साथ 182 करोड़ 22 लाख 98 हजार अंतिम शेष राशि का अनुमान है।

### शहर विकास की ऐसी रूपरेखा

शहर कनेक्टिविटी, ट्रांसपोर्टिंग और ट्रेवलिंग टाइम को दृष्टिगत रखते हुए भिलाई केनाल रोड की भांति शहर की अन्य मुख्य सडकों का निर्माण करने 25 करोड़ की राशि प्रस्तावित किया गया है। जिससे उत्थान योजना अंतर्गत सड़कों का निर्माण और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### 70 वार्डों में वेंडिंग जोन निर्माण

नगर पालिक निगम भिलाई के 70 वार्डों में पुराने पथ विक्रेताओं के लिए वहीं पर जगह चिन्हित कर वेंडिंग जोन का निर्माण किया जायेगा । इसमें लक्ष्य रखा गया है कि पुराने व्यापारी जो सड़क पर सामान रखकर विक्रय कर रहे हैं। उनका पंजीयन करके उन्हें शासन की सुविधा प्रदान करते हुए गुमटी प्रदान किया जाएगा। वहीं 10 नए युवाओं को स्व-रोजगार प्रदान करने 70 वार्डों के समस्त वेंडिंग जोन में 10 नए गुमटी का निर्माण होगा।

### सीबीजी प्लांट की स्थापना

शहर की स्वच्छता और निष्पादन की ओर कदम बढाते हुए कंप्रेस्ड बायो गैस की स्थापना की जाएगी। इसके लिए बी.पी.सी.एल. से जीरो फंड में सम्बद्ध कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिसके बी.पी.सी.एल. टेंचिंग ग्राउंड में उन्हें भूमि किराए पर की जाएगी एवं निगम द्वारा उन्हें गीला कचरा उपलब्ध जायेगा। जिससे बायो गैस निर्माण का कार्य होगा वहीं भूमि से निगम को सालाना 4 लाख रूपये की किराए से आय रूप में प्राप्त होगी।

### बिजनेस प्रोसेसिंग आउटसोर्सिंग सेंटर

युवाओं को भिलाई में ही रोजगार देने एवं आईटी सेक्टर की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बिजनेस प्रोसेसिंग आउटसोर्सिंग केंद्र खुर्सीपार में खोला गया है। इस बजट सत्र में एक नया बीपीओ कॉल सेंटर खोला जाना है।

### सीएंडडी प्लॉट की स्थापनाः

मलबा निष्पादन के लिए कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलीशन वेस्ट रिसायकलिंग प्लांट की स्थापना की जाएगी। नेहरु नगर में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जहाँ सी एंड डी प्लांट की मदद से कंस्ट्रक्शन मलबे से पेवर ब्लॉक, गमले इत्यादि निर्माण कार्य होंगे।

## रिसाली निगम का मामला

# एमआईसी के दो पार्षदों का इस्तीफा हुआ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



■ भाजपा का दामन थामने के बाद दिया इस्तीफा

रिसाली निगम में एमआईसी के दो पार्षदों ने महापौर शशि सिन्हा को बुधवार इस्तीफा सौंप दिया। महापौर ने अपने परिषद के दो सदस्य के इस्तीफा को मंजूर कर लिया है।खास बात यह है कि महापौर ने इन दोनों पार्षदों को एमआईसी में शहर सरकार में आते ही जगह दी थी। कुछ महीने पहले महापौर ने एमआईसी में फेरबदल भी किया था लेकिन इन दोनों पार्षदों की सदस्यता बनाए रखी थी। हाल ही में ये दोनों पार्षद भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया है। इसलिए दोनों की पार्षदों ने अपना इस्तीफा एमआईसी से महापौर को सौंपा। वार्ड 20 के पार्षद चन्द्रप्रकाश सिंह को राजस्व, बाजार और वाहन विभाग का प्रभारी बनाया गया था। वार्ड 33 के पार्षद परमेश्वर कुमार को पुनर्वास तथा नगर नियोजन, उद्यानिकी तथा संचार विभाग की जिम्मेदारी दी थी।

### भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों की संख्या बराबर

रिसाली निगम में कुल 40 वार्ड हैं। भाजपा में पांच कांग्रेस व उनके समर्थित निर्दलीय पार्षद शामिल हुए हैं। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की पहल से इन पार्षदों ने भाजपा का रूख किया। रिसाली निगम में अब भाजपा के 20 और कांग्रेस के 20 पार्षद हैं। मौजूदाहालात में रिसाली निगम में कांग्रेस की सत्ता कभी भी जा सकती है। भाजपा को सत्ता हासिल करने के लिए 6 पार्षद चाहिए। तब महापौर सिन्हा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सकता है। भाजपा इस ओर रणनीति बना रही है। कांग्रेस इस रणनीति को असफल करने के लिए अपने पार्षदों को एकजुटता का पाठ भी पढ़ा चुकी है। उसके बाद भी कांग्रेस के ज्यादातर पार्षदों में महापौर की कार्यशैली को लेकर नाराजगी है। यह नाराजगी कभी भी फूट सकती है। जिसका इंतजार भाजपा को है।

## शादी का प्रलोभन

# नाबालिग से दुष्कर्म, 20 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

■ अमलेश्वर थाना का मामला, 5 हजार अर्थदंड भी देने होंगे

नाबालिग को बहला फुसलाकर तथा शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले को दोष सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश पाटन दुलार सिंह निर्मलकर ने 20 साल के सश्रम कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई। पीड़िता के पक्ष से विशेष लोक अभियोजक शेखर वर्मा ने पैरवी की।

प्रकरण के मुताबिक नाबालिग पीड़िता के पिता ने 23 जुलाई 2023 को अमलेश्वर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री अपने चाचा-चाची के घर मोतीपुर गई थी। पीड़िता घर से घूमने के लिए निकली थी, जो रात तक घर नहीं आई। कोई व्यक्ति उसे बहला फुसलाकर साथ ले गया। पुलिस ने विवेचना में पाया कि पीड़िता को अभियुक्त नौशाद खान उर्फ राजा ने जबरदस्ती ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। शादी का प्रलोभन देते हुए बिहार ले गया। शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता रहा। अभियुक्त के परिवार वाले पीड़िता को छोड़ने रायपुर स्टेशन लाया गया था, जहां से पीड़िता को घर वापस लाया गया। अभियुक्त द्वारा पीड़िता को प्यार करता हूं कह कर ऑक्सीजोन पार्क में कई बार पीड़िता के साथ जबरदस्ती भी की। उसे 20 हजार रुपए भी दिया है। पीड़िता एवं उसके पिता तथा उसके परिवार के सदस्य के बयान के आधार पर दोष सिद्ध पाया गया। न्यायालय में आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 363, 366 ,376( 3) भारतीय दंड संहिता तथा पाक्सो एक्ट के अपराध को प्रमाणित पाया। धारा 376 (3) भारतीय दंड संहिता के तहत आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000 का अर्थदंड तथा धारा 366 भारतीय दंड विधान के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000 के अर्थदंड की राशि से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर अभियुक्त को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## इस्पात मंत्री ने विधायक रिकेश को किया आश्वस्त

# अत्याधुनिक सेटअप से लैस होगा जेएलएन अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



■ टाउनशिप की समस्याओं से कराया अवगत

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने दिल्ली में इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी और सेल चेयरमेन अमरेंदु प्रकाश से बीएसपी टाउनशिप की समस्याओं को लेकर चर्चा कर निदान की मांग की। मंत्री व सेल चेयरमेन ने श्री सेन को आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य और शिक्षा उनकी प्राथमिकता वाले कार्य हैं। बीएसपी टाउनशिप के बंद हुए स्कूल पुनः बेहतर सेटअप के साथ शुरु होंगे । जेएलएन अस्पताल सेक्टर 9 को और भी बेहतर बनाने तथा सेटअप को वहां की मांग अनुरूप व्यवस्थित करने का कार्य आगामी सत्र से प्रारंभ किया जाएगा। विधायक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा से उनके स्वास्थ्य और कुशलक्षेम के लिए सौजन्य भेंट की।






## जनहित याचिका पर 8 साल बाद हाईकोर्ट का फैसला

# आरटीई में गरीब बच्चों के लिए बनाएं नई नीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

हरिभूमि सरोकार

शिक्षा के अधिकार अधिनियम की आरटीई के जरिए स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ( ईडब्ल्यूएस) के बच्चों के निजी स्कूलों में दाखिले को लेकर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेशित किया है क इस वर्ग के बच्चों के दाखिले के लिए नई नीति बनाएं। सरकार को इस नई नीति बनाने के लिए छह महीने का समय दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस सबैद्र कुमार डिवीजन बेंच ने वर्ष 2011 में लगाई गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिए हैं। याचिका पर 18 मार्च को सुनवाई पूरी होने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था।

### भिलाई से लगाई गई है जनहित याचिका पर हाईकोर्ट के निर्देश

आरटीई ने नियमों को लेकर वर्ष 2017 में हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई गई थी। इस जनहित याचिका को भिलाई के आरटीई कार्यकर्ता सीवी भगवंतराव ने अपने अधिवक्ता देवर्षी ठाकुर के माध्यम से लगाई। इसमें आरटीई से प्रवेश के नियमों में किए गए बदलाव को गलत बताते हुर 23 अगस्त 2011 को जारी अधिसूचना को रद्द करने की मांग की थी। इस अधिसूचना के जरिए ईडब्ल्यूएस की परिवार में बदलाव किया गया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि राज्य सरकार ने में संशोधन कर आरटीई में लिए बीपीएल सूची में शामिल होने की अनिवार्यता तय कर दी। इस चलते कई जरूरतमंदों का निजी स्कूलों में प्रवेश नहीं हो पा रहा। यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई 2009 के खिलाफ है। आरटीई के तहत गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत कोटा आरक्षित है।



गड़बड़ी : कलेक्टर के बदलते ही शिक्षा माफियाओं ने कसा शिकंजा

आरटीई में फर्जीवाड़ा करने वालों को छूट, 200 दाखिले की जांच बंद

### केंद्र सरकार ने तय की प्रवेश के लिए आय की सीमा

याचिकाकर्ता भगवंत राव ने याचिका में यह भी कहा गया कि केंद्र सरकार ने ईडब्ल्यूएस को वार्षिक आय सीमा तीन लाख रुपए तय की है। जबकि राज्य सरकार बीपीएल सूची को आधार बना रही है। कर्नाटक, राजस्थान और तमिलनाडू जैसे राज्यों में आय की यह सीमा 3.50 लाख , 2.50 लाख और 2 लाख रुपए है।

### सरकार ने कहा था-कानून बनाने का अधिकार

राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता ने दलील दी कि शिक्षा का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। इसे लागू करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार कानून बना सकती है। आरटीई अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का प्रावधान है।

### कमजोर वर्ग के बच्चों को मिलेगा शिक्षा का अधिकार

अधिवक्ता देवर्षी ठाकुर ने बताया कि हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद माना कि राज्य सरकार के पास इस विषय पर स्पष्ट नीति नहीं है। हाईकोर्ट ने सरकार को छह महीने में इस वर्ग के बच्चों के लिए नई नीति बनाने के निर्देश दिए हैं। इससे दुर्बल वर्ग के बच्चों को बिना किसी परेशानी के शिक्षा का अधिकार का हक मिल पाए।

चल रही प्रवेश की प्रक्रियाः आरटीई में 2025-26 में प्रवेश की प्रक्रिया शुरु हो गई है। आरटीई पोर्टल के माध्यम से इस बार प्रदेश के 51713 सीटों पर आवेदन मंगवाए गए हैं।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# सर्वर की समस्या से एक दिन बाद रजिस्ट्री, 16 फीसदी राजस्व की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंजीयन कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री में सर्वर आडे आ रहा है। हालात यह है कि, अप्वाइंटमेंट के दिन की रजिस्ट्री दूसरे दिन हो रही हैं। सर्वर ठप होने से जिला पंजीयक कार्यालय को टारगेट पूरा करने की चुनौती भी बनी हुई है।

बहरहाल वित्तिय वर्ष की 84 राजस्व प्राप्त हो चुकी हैं, वही शेष 16 फीसदी राजस्व की वसूली के लिए सिर्फ चार दिन ही शेष हैं। हांलाकि सर्वर की समस्या पूरे प्रदेशभर में बनी हुई है। एक अप्रैल से नए कलेक्टर गाइडलाइन आने के कारण जमीन की दर महंगी हो सकती है। यही कारण है कि सौदे के बाद पक्षकार सीधे मार्च माह में ही रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे है। लेकिन इस बीच सुबह से शाम सर्वर की समस्या बनी हुई है। एक साथ सैकडों प्रकरण रजिस्ट्री के सामने आने के चलते सिस्टम में बैठ गया है। हांलाकि बुधवार के पेंडिंग रजिस्ट्री के प्रकरण का निपटारा गुरूवार को भी किया गया। जिला पंजीयक कार्यालय में देर रात रजिस्ट्री हो रही हैं। राज्य स्तर से किसी भी स्थिति में टारगेट पूरा करने के निर्देश दिए गए है। यही कारण है कि, देर रात आठ बजे तक रजिस्ट्री की प्रक्रिया कार्यालय में चल रही हैं।

अलग खबर

## वित्तीय वर्ष के चार दिन ही शेष, शनिवार और रविवार को भी रजिस्ट्री

### कम करनी पड़ी टारगेट

जिला पंजीयक कार्यालय को इस बार 560 करोड रूपए का टारगेट दिया गया था। लेकिन बाद में राज्य शासन द्वारा इसे 420 करोड रूपए कर दिया गया है। बहरहाल टारगेट के मुकाबले जिले में 84 फीसदी राजस्व मिल चुका हैं, यानि 361 करोड रूपए तक की प्राप्ति हुई है। अफसरों को आगामी चार दिन में टारगेट पूरा करने की उम्मीद है। बहरहाल कार्यालय की टाइमिंग पांच से सात बजे तक कर दी गई हैं।



### धमधा में एक भी रजिस्ट्री नहीं

गुरूवार को भी सर्वर की समस्या बनी रही। जिसके चलते धमधा उप पंजीयक कार्यालय में एक भी रजिस्ट्री नही हो सकी। जिले में 27 मार्च को दुर्ग के जिला पंजीयक कार्यालय के एसआर वन में 104 एसआर टू में 139 और एसआर तीन में 107 अप्वाइंटमेंट थे, लेकिन 89 रजिस्ट्री हो सकी। वहीं भिलाई तीन में चालीस के जगह सिर्फ पन्द्रह रजिस्ट्री हुई। पाटन में 116 अप्वाइंटमेंट पर 62 रजिस्ट्री हुई। वहीं धमधा में सिर्फ एक अप्वाइंटमेंट थे, उसकी रजिस्ट्री नही हो सकी। वहीं बोरी में 25 प्रकरण में 23 की रजिस्ट्री हुई। इस तरह गुरूवार को एक ही दिन 432 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं।

## खबर संक्षेप

### परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

**दुर्ग।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी एवं डीएलआरसी) की बैठक जिला पंचायत दुर्ग के सभाकक्ष में 28 मार्च 2025 को शाम 5 बजे से आयोजित की गई है। जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सभी सदस्य (बैंकर्स/शासकीय विभाग के अधिकारी) को समय पर अद्यतन जानकारी सहित आवश्यक रूप से उपस्थित होने कहा गया है।

### दिव्यांगजनों के लिए 7% आरक्षण का प्रावधान

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 29 अगस्त 2018 द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधान के तहत सीधी भर्ती में दिव्यांगजनों के लिए 7 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु शासन के समस्त विभागों, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजस्व मण्डल बिलासपुर, समस्त संभागीय आयुक्त, समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त जिलाध्यक्ष, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिला पंचायत) को निर्देशित किया गया है। भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा निःशक्त व्यक्ति अधिकार अधिनियम 2016 को 19 अप्रैल 2017 से लागू किया गया है। राज्य शासन द्वारा निःशक्त व्यक्ति अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 की उपधारा (1) में आरक्षण संबंधी प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में राज्य में प्रत्येक सरकारी स्थापन में सीधी भर्ती के प्रक्रम में भरे जाने वाले प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की लोक सेवाओं एवं पदों मं निःशक्तजनों के लिए 7 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित किया गया है। इसमें अंध और निम्न दृष्टि 2 प्रतिशत, बधिर और श्रवणशक्ति में 2 प्रतिशत, चलन दिव्यांगता जिसके अंतर्गत प्रमस्तिष्क घात, रोगमुक्त कुष्ठ बौनापन, अम्ल आकमण पीड़ित और पेशीय दुष्योषण भी हैं, 2 प्रतिशत, स्वपरायणता, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, मानसिक अस्वस्थता और बहु निःशक्तता जिसके अंतर्गत प्रत्येक निःशक्तता के लिए पहचान किए गए पदों पर बधिर और अंधता भी 1 प्रतिशत है। सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित परिपत्र 17 नवम्बर 2014 अनुसार निःशक्तजनों के लिए पदोन्नति में 3 प्रतिशत आरक्षण यथावत रहेगा। विभागों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।

### पंजीयन शिविर 31 तक

**दुर्ग।** बेरोजगार युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की गई है। पॉलीटेक्निक दुर्ग के प्राचार्य एवं पीएम इंटर्नशिप योजना दुर्ग जोन के नोडल अधिकारी प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि दुर्ग जिले के युवाओं के लिए योजना अंतर्गत पंजीयन, आवेदन के लिए उदय प्रसाद उदय शा. पॉलीटेक्निक में 11 से 31 मार्च तक दोपहर 12 बजे से शाम 5 तक खुले रहेंगे।

### नहीं रहे एसपी निर्मलकर

**भिलाई।** 13-ए/एवी. बी/01 निवासी एसपी निर्मलकर का निधन गुरुवार को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 28 मार्च को सुबह 11 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे कामदेव निर्मलकर के पिता थे।



## गर्मी में ठंगडा बांध को खाली करने का चल रहा षडयंत्र

# ठगडा बांध में मोटर लगाकर बहा रहे पानी, संचालक को नोटिस जारी

*दर्जनभर वार्डों में जलस्तर बनाए रखने वाले ठगडा बांध से भरी गर्मी में मोटर लगाकर पानी बहाने का मामला प्रकाश में आया है। आसपास के लोगों ने जब जलसंसाधन विभाग से इसकी शिकायत की तो विभाग के एसडीओ डीएन शुक्ला ने जांच किया। इस दौरान ठंगडा बांध के संचालक की संलिप्तता सामने आई है। इस मामले में जलसंसाधन विभाग ने निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। निगम आयुक्त ने इस मामले में ठंगडा बांध के संचालक को नोटिस जारी किया हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भरी गर्मी में जहां जलस्तर लगातार नीचे जा रही है और जिलेभर में पानी के लिए त्राही त्राही मची हुई हैं। इस बीच ठंगडा बांध के संचालक द्वारा पानी को मोटर लगाकर व्यर्थ बहाया जा रहा हैं। जब जल संसाधन के एसडीओ ने बांध के चौकीदार से कडाई से पूछताछ की तो उन्होने बताया कि, बांध के गहरीकरण किए जाने के लिए पानी निकाला जा रहा हैं। यह किसी से छुपा नही है कि ठगडा बांध में गहरीकरण के नाम पर पहले भी जमकर बंटरबांट किया गया हैं। वही षंडयंत्र एक बार फिर सामने आई हैं। जल संसाधन विभाग ने निगम आयुक्त को पत्र लिखा हैं, जिसमें उन्होने पेयजल की समस्या होने के बाद भी इस तरह पानी बहाने पर नारजगी जताई है। इस पत्र के बाद निगम आयुक्त ने संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया हैं।

हरिभूमि सरोकार

### गहरीकरण के लिए गर्मी में बहाते पाए गए बांध से पानी



### महापौर ने मौके का किया निरीक्षण

नगर पालिक निगम महापौर अल्का बाघमार को ठगड़ा बांध से पानी बाहर निकलने की समस्या से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर उन्होंने तुरंत स्थल निरीक्षण करने का निर्णय लिया। महापौर ने कहा, "ठगड़ा बांध से पानी को बाहर फेंका जा रहा है, इसकी जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि, ठगड़ा बांध में जलभराव रहना चाहिए, क्योंकि गर्मी के मौसम में पानी का अत्यधिक महत्व है और यह पशु-पक्षियों के जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। महापौर ने स्थानीय निवासियों को भरोसा दिलाया कि, नगर निगम उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करेगा।

### बांध में पानी नहीं होने से इन वार्डों में समस्या

ठगड़ा बांध सूखने की वजह से विद्युत नगर, पदमनाभपुर वार्ड क्रमांक-45, पदमनाभपुर वार्ड क्रमांक-46, गुरुघासीदास वार्ड, केलाबाड़ी, कसारीडीह, बोरसी के दोनों वार्ड, पोटिया,सिविल लाइन क्षेत्र में भूजल स्तर गिरावट आ जाती है। इनमें से पदमनाभपुर के दोनों वार्ड, आदर्श नगर, विद्युत नगर, मिनाक्षी नगर शहर का पाश इलाका है, जहां अधिकांश घरों में अभी भी हैडपंप है। आसपास के लोगों ने बताया कि, बांध में पानी नही होने से हैडपंप से मात्र आठ से दस मिनट ही पानी आ रहा है।

### संचालक ने किसके इशारे पर उठाया कदम?

ठगडा बांध से भरी गर्मी में पानी व्यर्थ बहाने से आसपास के वार्डो के बोरिंग में पानी नही आता है। ठंगडा बांध भरे होने से आसपास जलस्तर बेहतर होता है। नगरनिगम द्वारा ठंगडा बांध को ठेके पर संचालित करने निजी फर्म को दिया गया हैं। हांलाकि इसकी निगरानी करने की जिम्मेदारी निगम प्रशासन की हैं। सवाल यह उठता है कि, जल संसाधन विभाग के जांच में ठगडा बांध के संचालक द्वारा पानी बहाने की जानकारी सामने आई है। सवाल उठता है कि, आखिर संचालक ने किसके इशारे पर कीमती जल को बहाया जा रहा था। आसपास के लोगों ने निगम प्रशासन से कडी कार्यवाही की मांग की हैं।

### निगम को पत्र लिखा

"गर्मी में जलस्तर गिरने की समस्या हो रही है। इसके बाद भी बांध से पानी व्यर्थ बहाने की जानकारी पर एसडीओ ने जांच की थी। संचालक द्वारा पानी बहाने की जानकारी मिली है। जिस पर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर जवाब मांगा गया हैं।

-आशुतोष सारस्वत, ईई जलसंसाधन विभाग दुर्ग

### नोटिस जारी

"बांध से पानी व्यर्थ बहाने के मामले में ठंगडा बांध के संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया हैं। जवाब मिलने पर ठोस कार्यवाही की जाएगी।

-सुमीत अग्रवाल, आयुक्त नगरनिगम दुर्ग

## एक दिन पहले बनी रणनीति

# महापौर आज पेश करेंगे शहरी बजट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महापौर अल्का बाघमार अपने कार्यकाल का पहला शहरीय बजट आज नगरनिगम सभागार में सुबह 11 बजे पेश करेगी। बजट पेश करने के एक दिन पहले महापौर ने सभी पार्षदों की बैठक लेकर सभी को साधने का प्रयास किया।

हांलाकि इस बीच बजट पुस्तिका देरी से मिलने के कारण देख नही पाने की शिकायत सामने आई, वहीं विपक्ष ने प्रश्नकाल का प्रावधान नही रखने पर नाराजगी जताई हैं। इसके आलावा एमआईसी में विभाग प्रमुखों ने अब तक सदस्य नही बनाए है। इसे लेकर भी विपक्ष मुखर हो सकती है। इसके आलावा प्रश्नकाल नही लगाने के मसले को जोरो से उठा सकती हैं। महापौर अल्का बाघमार की यह पहली बजट होगी। एक दिन पहले सभी पार्षदों को नगरनिगम बुलाया गया था। जहां सभी से सुझाव भी मांगे गए। हांलाकि पूर्व में पार्षदों द्वारा दिए गए सुझाव को बजट में शामिल किए जाने का दावा किया गया हैं। गुरूवार को बैठक में सभापति श्याम शर्मा ने कहा सामान्य सभा में चाहे विपक्ष के पार्षद क्यो न हो, अगर वे शहर विकास की बात करेगें तो उन्हें पूरा महत्व दिया जाएगा।

महापौर अल्का बाघमार ने कहा कि, सकारात्मक सोच के साथ बजट की प्रक्रिया को पास करने के साथ ही प्रदेश में दुर्ग निगम को मिशाल के तौर पर रखना है। खैर देखना होगा कि, पार्षद बैठक में कितना योगदान दे पाते है। क्योकि ज्यादातर पार्षद नए है। भाजपा के चालीस पार्षद जीतकर आए हैं। लोगों में इस बात की उत्सुकता है कि, उन्होने जिस प्रतनिधि को चुना है वो सदन कितनी मुखरता से बात रख सकती हैं।

### दुर्ग निगमः 519 करोड का बजट पेश होगा

जानकारी अनुसार इस बार 519 करोड रूपए का शहरीय बजट पेश किया जाएगा। बताया गया कि, करीब 5 लाख नुकसान का बजट इस बार सामने आएगा। भाजपा के चुनाव के पहले किए गए वायदे को लेकर बजट में इसे शामिल किए जाने का लोगों को इंतजार है। इसमें पच्चीस फीसदी संपत्ति कर में छूट सहित अन्य विषय शामिल हैं।

### जिम्मेदारी से भाग रहे

बजट के दौरान प्रश्नकाल का भी प्रावधान करना था। हमने अपने कार्यकाल में प्रश्नकाल का प्रावधान किया था। ऐसा न कर सत्तापक्ष अपनी जिम्मेदारी से भाग रही हैं। जनप्रतिनिधि ऐसे में अपनी क्षेत्र की समस्या कैसे बताएंगे।

-संजय कोहिले, नेता प्रतिपक्ष नगरनिगम दुर्ग

# पेयजल समस्या का समाधान करने नियंत्रण प्रकोष्ठ की स्थापना, लोगों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन/संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का मो. नम्बर 9827191230 है। नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड सहायक अभियंता श्री प्रकाश सिंह ठाकुर मो.न. 9827191230 है। इसी प्रकार नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक भागवत मानिकपुरी 9755903273 सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक, श्री ईश्वर देवांगन 9329682835 दोपहर 2 से रात 8 बजे तक रहेंगे। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार प्रकोष्ठ प्रभारी के नेतृत्व में सहायक मानचित्रकार धनसिंह सिन्हा द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेंगे। प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु एक रजिस्टर संधारित किया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन के प्राप्त शिकायतों का पूर्ण विवरण दर्ज होगा एवं संबंधित सहायक अभियंताओं/उप अभियंताओं को शिकायत से अवगत कराएंगे एवं शिकायत की तिथिवार निराकरण संबंधी जानकारी का स्पष्ट उल्लेख रजिस्टर में होगा। उपखंड स्तर पर पेयजल प्रकोष्ठ के तहत 15 जून 2025 तक अपने आबंटित कार्य के अतिरिक्त पेयजल प्रकोष्ठ से संबंधित कार्य करेंगे। विकासखंड दुर्ग/धमधा प्रभारी उप अभियंता प्रतिक मिश्रा 9752314143, गायत्री वैष्णव 7999843595, विशाल गेडाम 9406049040, कु.कल्पना पोया 8889278847 रहेगी। उपखंड कार्यालय पाटन प्रभारी सहायक अभियंता एम.ए.खान 9425555084, उप अभियंता पल्लवी ध्रुव 8249591211, सुमन साहू 7587143332, बिमला ठाकुर 7692069292 रहेंगे। जिला स्तर पर खंड कार्यालय दुर्ग एवं प्रत्येक उपखंड मुख्यालय तथा विकासखंड स्तर पर समस्त जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जाएगी। शिकायत/सुधार उक्त स्थलों पर दर्ज किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त विभागीय टोल फ्री नम्बर 1800233008 में भी शिकायत/सुधार दर्ज किया जा सकता है।

**विभागीय टोल फ्री नम्बर 1800233008**

**मच्छरों का बढ़ रहा प्रकोपः** भिलाई-दुर्ग में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। गर्मियों के दिनों में सबसे ज्यादा वार्ड की बस्तियों में गंदगी फैलने के कारण मच्छर पनप रहे है।

## ग्राम चिंगरी में धूमधाम से मनाई भक्त कर्मा माता जयंती



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिंगरी में साहू समाज द्वारा ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। भक्त कर्मा माता की कलश निकलकर भ्रमण किया गया। कर्मा माता की आरती किया गया। इस अवसर पर गांव के सरपंच पुष्पा वाघमारे, पूर्व सरपंच पुष्पा देवी देशमुख,डा के एल दिल्लीवार,बी एन भरव्दाज, संतोष पाटिल,मोहन लाल दिल्लीवार उपस्थित थे। साहू समाज के अध्यक्ष डोमन लाल साहू, विजय साहू, मालिक राम साहू, ढालसिंह साहू, जगनराम साहू, चन्द्रहास साहू, शेखर साहू, बलदीप साहू, प्रेमचंद साहू, गोपाल साहू, डा नेमलाल साहू, अलखराम साहू, डहर साहू, रघुनाथ साहू, बालाराम साहू, हृदय राम साहू, लोकेश्वरी साहू, ज्योति साहू सहित साहू समाज के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्ष डोमन लाल साहू ने कहा समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए, हमें व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने ने कहा कि हम सब को माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलना चाहिए।

## छात्र-छात्राओं ने चाइल्ड लाइन के कार्यों का किया अवलोकन




**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग समाजकार्य के छात्र-छात्राओं ने क्षेत्रीय कार्य के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग चाइल्ड लाइन का अवलोकन कार्य किया। जिससे समाजकार्य के छात्र-छात्राओं ने महिला एवं बाल विकास विभाग के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्य और गतिविधियों के बारे से अवगत कराया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी,जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय, केंद्र समन्वयक आशीष साहू , चंद्र प्रकाश पटेल चाइल्ड लाइन केस वर्क सीता ने जानकारी दी। जिसमें मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत , बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, संस्थागत सेवाएं, महिला सशक्तिकरण योजना के तहत मुख्यमंत्री कन्या विवाह , बाल विवाह, नोनी सुरक्षा योजना,बेटी बचाओ बेटी बचाओ, एकीकृत बाल विकाश सेवा ,बालकों के लिए पुनर्वास समिति, मुख्य मंत्री बाल संदर्भ योजना पोषण पुनर्वास चाइल्ड लाइन, 1098 टोल फ्री नंबर , बाल श्रमिक,आदि के बारे में


## बोर्ड परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन 26 से जारी

# बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन की कैमरे से निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के निर्देशानुसार बोर्ड की परीक्षा समाप्त होने के बाद दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आदर्श कन्या स्कूल तथा सेजस दीपक नगर में 26 मार्च से शुरू हो गया।उत्तर पुस्तिका को सुरक्षा के बीच रखा गया है। पहले दिन प्रत्येक शिक्षक को 5-5 कापियां जांच के लिए दी गई। मूल्यांकन के लिए विषयवार प्राचार्य तथा लेक्चरर की ड्यूटी लगाई गई है। मूल्यांकन का समय सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक रखा गया है। केंद्र में पहले दिन दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की कुल 800 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। जिसमे 12वीं के 350 तथा दसवीं के करीब 450 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। वही पहले दिन 184 प्राचार्य तथा लेक्चरर मूल्यांकन में शामिल हुए थे, दूसरे दिन 216 प्राचार्य तथा लेक्चरर मूल्यांकन के लिए शामिल हुए थे। मिली जानकारी के मुताबिक अब तक दसवी में 3212 और बारहवी में 2601 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया है।



### प्राचार्य तथा केंद्राध्यक्ष की देख-रेख में मूल्यांकन

इस बार जिले के सबसे बड़े तथा प्रतिष्ठित शासकीय स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक जेआरडी विद्यालय को सीजी 10वीं-12वीं बोर्ड का मूल्यांकन केंद्र नहीं बनाया गया है। स्कूल के प्राचार्य तथा केंद्राध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल की देख-रेख में मूल्यांकन चल रहा है। शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा तथा परीक्षा प्रभारी अमित घोष दोनों केंद्रों का निरीक्षण किया। डीईओ ने मूल्यांकन को बेहद ही गंभीरता व सजकता से किए जाने के निर्देश दिए। वही सभी कमरों में सीसी कैमरा के द्वारा मानिटरिंग की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ने की मुलाकात

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ के 11 जिलों में कांग्रेस पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष की नियुक्ति कांग्रेस जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल द्वारा किया गया। दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष के पद पर पाटन क्षेत्र के ग्राम धौराभांठा निवासी पूर्व सभापति जिला पंचायत दुर्ग एवं किसान नेता राकेश ठाकुर को नियुक्त किया गया। राकेश ठाकुर को जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। नवनियुक्त कांग्रेस दुर्ग जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से मुलाकात करने उनके मीनाक्षी नगर दुर्ग निवास पहुंचे। जहां जिलाध्यक्ष ठाकुर ने पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से मुलाकात कर नवीन दायित्व के लिए आभार व्यक्त किया व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक गतिविधि व संगठनात्मक चर्चा भी हुआ। इस दौरान जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर, विनोद गुप्ता, अय्यूब खान, अभिषेक शर्मा, दुर्गेश ताम्रकार, अमृत राजपूत आदि मौजूद थे।

### वृहत्ताकार सहकारी समिति सेलूद में सहकारिता वर्ष मनाया



**सेलूद।** वृहत्ताकार सहकारी समिति सेलूद में अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 मनाया गया। जिसके तहत सेलूद समिति के किसानों को फार्मर रजिस्टर, केसीसी ऋण लेने हेतु सहमति पत्र, माइक्रो एटीएम से नगद आहरण एवं रवि दलहन तिलहन समर्थन मूल्य में खरीदी संबंध में जानकारी विस्तार से जानकारी दिया गया। इस अवसर पर टामन लाल साहू प्राधिकृत अधिकारी सुरेंद्र बछोर ग्राम सभा अध्यक्ष, कृषक अर्जुन साहू, प्रेम लाल साहू, कृष्ण कुमार यादव, महेन्द्र साहू सहायक समिति प्रबंधक श्री रोमन दास वैष्णव, विणु साहू, लिलेश्वर निर्मल सुरेश यादव जितेंद्र साहू नेमन साहू हरिशंकर साहू उपस्थित थे ।

## निधन

### निर्मला शर्मा

**भिलाई।** पाटन विधानसभा के पूर्व विधायक कैलाश शर्मा की पत्नी निर्मला शर्मा उम्र 73 वर्ष का



आकस्मिक निधन गुरुवार को दिल्ली में हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में किया जाएगा। अंतिम यात्रा विजयनगर, बैजनाथ पारा दुर्ग से सुबह 10 बजे निकलेगी। वे निशांत शर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य, प्रशांत शर्मा व्याख्याता एवं नीलिमा शर्मा व्याख्याता की मां एवं श्रुति, भावना शर्मा व संजय तिवारी डिप्टी मैनेजर भिलाई इस्पात संयंत्र की सास थीं।

## आगेसरा में निषाद समाज का वार्षिक अधिवेशन एवं होली मिलन समारोह

# निषाद समाज संगठित रहकर सर्वांगीण विकास में दें अपना योगदान: विधायक कुंवर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

**शिक्षा, खेल सहित अनेक विधाओं में समाज को गौरवान्वित करने वाले प्रतिभाओं को किया सम्मानित**





केवट निषाद समाज कौही किकिरमेटा परिक्षेत्र संगठन के तत्वावधान में आगेसरा में वार्षिक अधिवेशन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा और संस्कार पर जोर दिए और कहा कि भगवान राम को नैय्या पार कराने वाले केवट समाज की नैय्या पार लगाने शिक्षा और संस्कार को प्रभावी ढंग से अपनाए।

मंचासिन अतिथि केवट निषाद समाज प्रदेश अध्यक्ष एवं गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने समाज को संगठित रहकर समाज के सर्वांगीण विकास करने की बातें कहीं साथ ही राष्ट्रीय मछुआरा समाज अखिल भारतीय समन्वय समिति द्वारा एक मंच में संगठित होकर मछुवारा समाज के हित के लिए किए जा रहे कार्य योजना की जानकारी दी।

वहीं अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ शासन ने निषाद समाज को भगवान राम की नैय्या पार करने वाला समाज बताते हुए अब निषाद समाज संगठित होकर एकता के सूत्र में बंध कर हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपील की। निषाद समाज के लोग अब अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए निषाद समाज को नई पहचान मिलने पर खुशी जाहिर की।

इस दौरान अतिथियों द्वारा प्रतिभावान बच्चे भीषम कुमार निषाद एवं विवेक कुमार निषाद को उच्च शिक्षा में, सांवरिया देव निषाद को साहित्य के क्षेत्र में, बॉडीबिल्डिंग में छबिलाल निषाद, 12वीं में योगेंद्र निषाद सम्मान एवं अन्य विधाओं में समाज को गौरवान्वित करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात संध्या मेला में होली फाग गीत के धुन में झूमते हुए एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली मिलन कार्यक्रम को सफल बनायें।

### शिक्षा और संस्कार विकास के लिए सर्वोपरी

अतिथि प्रदीप केवट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समन्वय समिति ने निषाद समाज को आज के दौर में शिक्षा और संस्कार के माध्यम से सशक्त समाज एवं संगठित समाज बनाकर समाज के हक अधिकार प्राप्त करने जागरूक रहने की अपील की साथ ही रामायण काल में निषाद समाज को प्राप्त मान सम्मान को पुनः स्थापित करने निषाद समाज को सरल सहज भाव से राष्ट्र निर्माण में योगदान हेतु प्रेरित किये। सभा को कोमल देव निषाद राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय समन्वय समिति के द्वारा केवट समाज को पूर्व में विंध्य प्रदेश द्वारा 1950 में भारत सरकार को भेजे गए अनुशंसा पत्र में माझी अनुसूचित जनजाति आरक्षण प्राप्त करने हेतु समाज को संगठित होकर जागरूक रहने की अपील की। जिलाध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम निषाद, उपाध्यक्ष डीआर निषाद, तहसील पाटन अध्यक्ष देवकुमार निषाद, संतोषी निषाद, वीरेंद्र निषाद ने भी संबोधित किया।

### वार्षिक आय-व्यय किया प्रस्तुत

वार्षिक आय व्यय की लेखा-जोखा एवं अनुमोदन पश्चात सामाजिक प्रकरणों का निपटारा किया गया। स्वागत भाषण परीक्षेत्रीय अध्यक्ष नारायण निषाद एवं मंच संचालन जोधीराम निषाद एवं सांवरिया देव निषाद ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कार्यक्रम में उदय राम निषाद रमाकांत साहू सरपंच, जगत राम, तेजराम, झल्लू राम, नेतराम निषाद, संतोष निषाद, सोनप्रकाश, तूका निषाद, अंजू निषाद, लखन निषाद, मोतीराम, सरजू राम साहू, केशव सोनी, जसवंत साहू, सुशीला साहू, संपत साहू, मुकेश निषाद, ओमप्रकाश निषाद सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# खुद आगे ना आकर पार्टी कार्यकर्ता से करवा रहे बयानबाजी: द्वारिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर राकेश ठाकुर की नियुक्ति पर जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त सदस्यों द्वारा उन्हें बधाई दी गई। वहीं सत्ता पक्ष के दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर अपने आप को लोकप्रिय कहते हुए अपने पार्टी के कार्यकर्ता को आगे कर राकेश ठाकुर की नियुक्ति पर सवाल खड़ा कर रहे हैं इससे साफ सिद्ध होता है कि विधायक ललित चंद्राकर दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर चलाना बहुत अच्छे से जानते हैं। उक्त बातें नगर पंचायत उतई के कांग्रेस पार्षद द्वारिका साहू ने एक जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही। उन्होंने आगे कहा कि विधायक ललित चंद्राकर खुद आगे न आकर नगर पंचायत उतई के पार्षद के दिशा निर्देश चलने का प्रयास कर रहे हैं और अपनी पार्टी के अदने से कार्यकर्ता के माध्यम से कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्ति पर सवाल खड़ा कर रहे है व बयानबाजी करवा रहे हैं जो निंदनीय है।



- राकेश को कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर घबराया विधायक ललित

द्वारिका साहू ने कहा कि दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर की लोकप्रियता इतनी ही बढ़ रही है तो अभी वर्तमान में कुछ दिनों पूर्व अवैध मुरुम खनन में उनका पुतला फूंका गया। इस पर कुछ कहने से बच क्यों रहे हैं यदि वो अवैध कृत्य उनके संरक्षण में नहीं हो रहा तो आगे आकर उस पर अपना व्यक्तव्य क्यों नहीं देते। द्वारिका साहू ने विधायक ललित चंद्राकर पर आरोप लगाया कि सारे अवैध काम उनके संरक्षण में हो रहे है और उनके ही अपने कर रहे हैं जो उनकी लोकप्रियता पर सवाल खड़े करते नजर आ रहे हैं।

# सामाजिक समरसता हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता: ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ग्राम अछोटी एवं चंगोरी में आयोजित दो दिवसीय भव्य फाग गीत महोत्सव सम्पन्न हुआ। जिसमें पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्राम में आपस में भाई

- अछोटी एवं चंगोरी में फाग गीत महोत्सव आयोजित

चारा के साथ-साथ सामाजिक समरसता हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है। भव्य फाग महोत्सव कार्यक्रम आयोजन होना एक बहुत ही रंगीन और आनंदमयी अनुभव होता है। फाग महोत्सव होली के त्योहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें लोग रंगों, संगीत और नृत्य के साथ मिलकर इस त्योहार को मनाते हैं। श्री साहू ने आगे कहा कि सामाजिक समरसता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आज के इस परिवेश में विदेशी संस्कृति सभ्यता धीरे-धीरे हमारी मूल संस्कृति और सभ्यता को नष्ट कर रही है। हम सब की जवाबदारी और जिम्मेदारी है कि हम सब मिलकर अपनी विरासत संस्कृति कला को बचाने का काम करें। आज के समय मे सब पढ़े-लिखे और शिक्षित है। इसके बाद भी अपनी विरासत और संस्कृति के प्रति सचेत नहीं है। कई सौ साल पहले जब हमारे पूर्वजों ने गांव बसाया तो सभी जाति के लोग एक साथ एक ही गांव में मिलजुल कर रहने लगे। भाईचारा के साथ एक दूसरे के सुख-दुख में काम आते थे। यही बात हमें दूसरों से अलग पहचान बनाती है और यही सामाजिक समरसता की सबसे बड़ी पहचान और विशेषता है। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, टिकेश्वरी लाल देशमुख, नवनिर्वाचित जनपद सदस्य बेला यादव, सरपंच झन्ना दिल्लीवार, शिव नारायण दिल्लीवार, सुमन दिल्लीवार, किशोर दिल्लीवार, नेम लाल दिल्लीवार, बरातू दिल्लीवार, मोहन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## नव निर्वाचित सरपंच व पंच ने विधायक ललित से मुलाकात की

**भिलाई।** स्थानीय चुनाव में भाजपा के खेमें में जीत की बड़ी खुशी आई है कुछ स्थानों को छोड़कर सभी स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने चुनाव में जीत हासिल किया है। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंडा के नव निर्वाचित सरपंच व पंच ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से उनके निज निवास में मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और इस जीत के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। गांव के विकास के बारे चर्चा किया गया, कुछ मूलभूत समस्याओं से भी अवगत कराया, विधायक ललित चंद्राकर ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई दिए। मुलाकात करने वाले में जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा, उपसरपंच यशवंत बंजारे, पंच- वार्ड 13 अंजली जोशी,



वार्ड 16 सीता साहू, वार्ड 11 लता चन्द्राकर, वार्ड 8 राकेश्वरी चंद्राकर, वार्ड 4 अन्नपूर्णा ठाकुर, वार्ड 9 माधुरी साहू, वार्ड 5 उत्तरा देशमुख, वार्ड 2 सती गोस्वामी, वार्ड 12 फत्ते चंद्राकर, वार्ड 17 गोपाल साहू, वार्ड 14 हेमंत महार सहित जंगला दास चेलक, मनोज चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, दीपक पांडे आदि मौजूद थे।

## चंगोरी स्कूल को सामुदायिक सहभागिता से मिला दरी



**पाटन।** शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी संकुल केंद्र-बठेना के प्रधानपाठक विरेन्द्र कुमार शिक्षादूत के द्वारा समुदाय से सहयोग लेकर स्कूल एवं बच्चों की विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रधान पाठक ने प्रयास करते हुए भास्कर सावर्णी पिता मधु मंगल सावर्णी एवं हेमंत देवांगन पिता रामसिंह देवांगन पाटन के द्वारा चंगोरी स्कूल को दो नग दरी दिया गया है। प्रधानपाठक विरेन्द्र कुमार को सामुदायिक सहभागिता कार्य के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। संस्था के प्रधानपाठक विरेंद्र कुमार साहू, योगेश्वरी वर्मा, दीपिका बंदे, ललिता कोसरिया, सत्यवती मारकंडे, कृष्णा यादव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चेतन वर्मा एवं सदस्य गण, वर्तमान सरपंच रजनी रामकुमार कुर्रे एवं पंचगण, पूर्व सरपंच यामिनी आदि ने आभार व्यक्त किया है।

## अंचल की खबरें

### आंदोलित पंचायत सचिवों को मिला समर्थन



**सेलूद।** ब्लाक मुख्यालय में बीते 11 दिनों से अनवरत अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठे ग्राम पंचायत सचिवों को जनपद में कार्यरत करारोपण अधिकारियों द्वारा समर्थन दिया गया। करारोपण अधिकारी संघ के अध्यक्ष कन्हैया लाल मन्नाडे द्वारा जानकारी दी गई कि ग्राम पंचायत सचिवों की नियुक्ति छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 के तहत ग्राम पंचायतों के कार्यपालिक कार्यों के लिए किया गया था। पंचायत सचिवों के द्वारा जन्म से मृत्यु तक के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी रिकॉर्डों का लेखा जोखा रखा जाता है। ग्राम में किसी भी कार्यों के लिए सचिवों को जवाबदार माना जाता है। ऐसे में सरकार द्वारा इन्हें शासकीय कर्मचारी का दर्जा नहीं देना निंदनीय है। सरकार को जल्द से जल्द पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करना चाहिए ताकि ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत में वापस लौटकर कार्यों को सुचारू रूप से संचालन कर शासकीय योजनाओं का संचालन सुचारू रूप से करें। इस दौरान करारोपण अधिकारी सेवकराम वर्मा, झंकार नागवंशी, हलधर देवांगन, गोपाल सिंह सहित महेंद्र साहू जिलाध्यक्ष सचिव संघ दुर्ग और पाटन ब्लाक के समस्त पंचायत सचिव उपस्थित थे।

### मोंहदीपाठ में समिति में अध्यक्ष बने नरसिंह



**निकुम।** न्याय सिद्ध जय अर्चना समिति मोंहदीपाठ में पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें पुनः नरसिंह देवांगन अध्यक्ष चुने गये। वहीं उपाध्यक्ष पवन देवांगन, सचिव खेम साहू, सहसचिव धन्नू साहू, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र ठाकुर निर्वाचित हुए। इस अवसर समिति के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम बाबा मोंहदीपाठ में पूजा अर्चना कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर मंदिर के वरिष्ठ कार्यकारणी भावसिंह देवांगन ने कहा कि लगातार सबके सहयोग से मंदिर का विकास हो रहा है सब साथ मिलकर कार्य करे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मोंहदीपाठ समिति प्रेमांचद देवांगन, उषा साहू, लोमन देषमुख, नीलकंठ साहू, घनाराम साहू, तेजप्रकाश साहू, श्याम सुंदर साहू सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

### किसान बंधु संगठन ने मनाया होली मिलन समारोह



**धमधा।** किसान बंधु संगठन धमधा ने ग्राम हिरेतरा में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें अनेक निर्वाचित जनप्रतिनिधि, सरपंच, किसान बंधु संगठन के पदाधिकारियों और आसपास के गांव के किसान शामिल हुए। संगठन की ओर से सभी का गुलाल से स्वागत किया गया, फाग गीत का गायन किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में बाबा टेक सिंह चंदेल किसान नेता, मोती वर्मा, आत्मा साहू, रूंगू वर्मा, मनमोहन चंदेल, सतीश सिन्हा, सोनू चंदेल, भवानी सिन्हा, गिरधर वर्मा, सनत साहू, परमेश्वर साहू, चिंता वर्मा, लिलेश वर्मा, हेमचंद साहू, पवन धनकर, अशोक वर्मा, पेखन यादव, भागवत वर्मा, रोहित चंदेल, निखिल चंदेल, भूपेंद्र चंदेल, राजू यादव, लेखराम वर्मा, जितेंद्र वर्मा आदि किसान एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### नैक के लिए दस्तावेजीकरण एक अनिवार्य प्रक्रिया



**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकार कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन की आइक्यूएसी इकाई की ओर से अकादमी प्रशासन विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि व्याख्याता डॉक्टर हिमांशु शेखर कर सेवानिवृत्ति अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर नंदा गुरुद्वारा ने की। सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलन से कार्यक्रम कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नंद गुरुद्वारा ने अपने स्वागत भाषण में अतिथि व्याख्याता डॉक्टर हिमांशु शेखर कर का स्वागत करते हुए नैक की पूर्व तैयारी पर अपने विचार व्यक्त किया। अतिथि व्याख्याता डॉ हिमांशु शेखर करने ने की पूर्व तैयारी की श्रृंखला में अकादमी एवं कार्यालय संकायों में दस्तावेजी कारण पर विस्तार से प्रकाश डाला व्याख्यान के पश्चात महाविद्यालय के स्टाफ में फीडबैक प्रस्तुत किया।

## बिजनेस साइट

### कमला मोटर्स में पनेसर हार्वेस्टर की डिलीवरी



**भिलाई।** 'देवगुरु' बृहस्पति एवं भगवान विष्णु की पूजा आराधना कर बलरामपुर के कृषक मन्नू सिंह ने खेती कार्य में उत्कृष्ट बहु फसली सेल्फ प्रपोलड मिनी कंबाइंड हार्वेस्टर विथ मेजा कटर की खरीदारी कर स्वयं ही नहीं अपितु पूरे बलरामपुर को गौरवान्वित किया है। मशीन की चाबी प्रदान करते हुए नागपुर नागरिक सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक उज्ज्वल अशोक अग्रवाल, दिनेश बहरेजी एवं कमला मोटर्स के सहसंचालक पद्मेश बरमेचा, सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण, कनिष्ठ अभियंता किशोर निषाद, प्रशिक्षु संतोष यादव, प्रशिक्षु देव कुमार, आगंतुक साध्वी, नंदिता, सामंत आदि थे।

## समोदा में श्रीकृष्ण जन्म की कथा में झूमे भक्त, निकाली आकर्षक झांकी


# भगवान भक्तों के साथ प्यार के रिश्ते निभाने लेते हैं अवतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

ग्राम समोदा-दुर्ग में भगवती प्रसाद देशमुख और उनके समस्त परिवार द्वारा आयोजित पावन श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सभी ने भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कथा व्यास आचार्य पं. रामप्रताप शास्त्री महाराज कोविद ने नंद बाबा के घर पर उत्सव के माहौल का सुंदर वर्णन करने के साथ आयोजन स्थल का पूरा माहौल भी नंदोत्सव के रंग में पूरी तरह से रंग गया। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल के उद्घोष के साथ समूचा आयोजन परिसर गूंज उठा। द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद मानो फिर से भवानी वाटिका में जीवंत कर दिया। भक्तों ने भजनों की धुनों पर मगन होकर थिरकते हुए श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद उजागर किया। पं. शास्त्री ने कहा कि भगवान युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आये हैं।

### भक्तों के भाव और प्रेम से बंधे हैं भगवान

कथा में शास्त्री ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के भाव और प्रेम से बंधे हैं। उनसे भक्तों की दुविधा कभी देखी ही नहीं जाती। वे अपने भक्तों की कामना की पूर्ति तो करते ही हैं। साथ ही उनके साथ अपने स्नेह बंधन निभाने खुद इस धरा पर आते हैं। कथा के दौरान शास्त्री ने वामन अवतार, समुद्र मंथन, श्रीराम जन्मोत्सव और भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का सुंदर और भाव पूर्ण वर्णन किया। महाराज ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के साथ सदा हर पल खड़े रहते हैं। वे भक्तों के हाथों से दी प्रेम और भाव के साथ दी गई वास्तु उसी तरह ग्रहण करते हैं, जिस तरह से उन्होंने द्रौपदी का पत्र और गजेंद्र का पुष्प ग्रहण किया।



### ज्ञान का हरण कर लेता है अहंकार

महाराजजी ने समुंद्र मंथन से जुड़ी कई रोचक कथाएं सुनाईं। उन्होंने कहा कि अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है. ठीक उसी प्रकार जैसे अहंकार से ग्रसित दानवों ने समुंद्र मंथन के समय बासुकी नाग के मुख को पकड़ना श्रेयस्कर समझा और भगवान के मोहिनी रूप पर मंत्र मुग्ध हो उठे। भगवान के वामन अवतार को तीन कदम आश्रय स्थली दान में देने के बाद राजा बलि को पाताल लोक की शरण लेनी पड़ी। इसलिए कुछ भी करो, सोच समझ कर करो, जो कुछ भी तोल-मोल कर बोलो, मीठा और मधुर बोलो।

### भक्तों के साथ खड़े रहते हैं भगवान

कथा में श्री शास्त्री जी ने कहा कि भगवान ने काल रुपी मगर से भक्त गजराज की रक्षा की तो द्रौपदी के पुकार पर उसका संकट मिटाने स्वयं दौड़े चले आये।यह सारी कथाएं ये प्रमाणित करती हैं कि भक्तों के भाव से सदा बंधे रहनेवाले भगवान भक्तों के साथ अपना स्नेह निभाने खुद आते हैं। ठाकुरजी सिर्फ यह कभी नहीं चाहते कि उसके भक्त के पास अहंकार रहे।

### भगवान को पाने समर्पण जरूरी

महाराजजी ने आगे कहा कि भगवान को अगर पाना है तो मन में इस भाव को बसा लेना होगा कि मेरा सब कुछ मेरे ठाकुर हैं। मेरे पास अपना कुछ भी नहीं जो कुछ भी है सो मेरे ठाकुर जी का ही है। गजेंद्र मोक्ष पाठ की महिमा बताते हुए महाराजश्री ने कहा कि जो भी यह पाठ करता है। उस पर ठाकुरजी की कृपा सदा बनी रहती है। संकट उस पर सपने में भी नहीं आते. माता-पिता के चरण पकड़ लो, किसी और की चरण वंदना की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। महाराजजी ने कहा कि जीवन में सब कुछ जरूरी है पर एक मर्यादा के अंदर सभी हो तो तभी तक सब ठीक है।

# तीन सरकारी एजेंसियों की सक्रियता के बाद भी टाउनशिप की नहीं बदल रही तस्वीर

## बीएसपी सहित नगर निगम भिलाई और रिसाली निगम का करोड़ों का है बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में विकास के लिए तीन बड़ी सरकारी एजेंसियों की मौजूदगी के बाद भी तस्वीर नहीं बदल रही है। सेक्टरी इलाके की लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यूनियनों ने मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किए जाने के साथ आज के अनुरुप संधारण और सहूलियतें बढ़ाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में मेंटेनेंस और विकास के लिए तीन तीन तीन सरकारी संस्थाएं काम कर रही हैं। पिछले साठ साल से भिलाई इस्पात संयंत्र सेक्टरी इलाके में संधारण, नागरिक सेवाएं और निर्माण कार्यों को लेकर सक्रिय है। इसके अलावा वर्ष 2000 से नगर निगम भिलाई और फिर पिछले तीन साल से नगर निगम रिसाली ने भी इस क्षेत्र के विकास जिम्मा संभाल रखा है। टाउनशिपवासियों को भिलाई निगम और रिसाली निगम के क्षेत्राधिकार में टाउनशिप के आने से क्षेत्रवासियों को आशा थी कि तीन बड़ी सरकारी एजेंसियों की मौजूदगी से तेजी से विकास होगा। लेकिन एक डेढ़ दशक पूर्व तक नीट एंड क्लीन मानी जाने वाली टाउनशिप में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली दोनों निगमों और बीएसपी के लिए चुनौती बनी हुई है। भारी अस्वच्छता के साथ, सड़कों, नाली, उद्यानों, पचास साल पुरानी सीवेज और वाटर सप्लाई पाइप लाइन, बेकलेन सफाई, पुराने व जर्जर आवासों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। बीएसपी द्वारा प्रमुख सड़कों को तो चमकाया जा रहा है लेकिन सहायक सड़कों और क्रास स्ट्रीटों का डामरीकरण वर्षों से नहीं हुआ है। 50 साल पुराने जर्जर क्वार्टरों का संधारण नहीं किया जा रहा है। यूनियनों के मुताबिक तीनों एजेंसियों के करोडों के बजट के बाद भी पंद्रह बीस साल पुरानी नीट एंड क्लीन और बेहतर नागरिक सहूलियतों वाली चमचमाती टाउनशिप की तस्वीर दिखाई नहीं दे रही है। बुनियादी सुविधाओं की बदहाली से रहवासी परेशान हैं। तीनों संस्थानों को प्लानिंग से तामेल बिठाकर आज के अनुरुप टाउनशिप में सुविधाएं और सेवाएं बहाल किए जाने की जररुत है।

### पुरानी है सीवेज व वाटर सप्लाई लाइनें

टाउनशिप में सीवरेज और वाटर सप्लाई पाइप लाइन पचास साठ साल पुरानी होने से जर्जर हो चुकी है। कई सेक्टरों में जगह जगह पाइप लाइन टूटफूट के चलते सीवेज और गंदे पानी की समस्या बनी रहती है। गर्मी के दिनों में तिमंजिला आवासों में नलों में पानी की धार पतली होने से पेयजल किल्लत बनी रहती है। वर्ष 2005-6 में पाइप लाइन बदलने की योजना अब तक लंबित है। बेकलेन क्लीनिंग नहीं होने से आवासीय ब्लाकों की पीछे टनों कचरा जमा है। इससे गंदगी बदबू के साथ लोगों का रहवास मुश्किल हो रहा है और संक्रामक बीमारियों की चिंता सताती रहती है। आवारा मवेशियों की समस्या के साथ सफाई व्यवस्था भी चरमराई हुई है। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी ने बताया कि कई बार सीवेज पेयजल सिस्टम को रिनोवेट किए जाने की मांग के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### निगम के उद्यान बदहाल

टाउनशिप में बीएसपी के उद्यान तो नियमित रुप से मेंटेने किये जा रहे हैं लेकिन नगर निगम के पचासों उद्यान बदहाल हैं। अस्वच्छता के कारण गर्मी के दिनों में बच्चों को खेलने और बुजुर्गों व महिलाओं को चहलकदमी के लिए परेशानी रही है। नगर निगम द्वारा सभी सेक्टरों में पिछले बीस साल के दौरान सौ से अधिक उद्यानों का निर्माण किया गया है। सेक्टर 6,7 और सेक्टर आठ सहित कई उद्यानों का निर्माण पिछले चार से अधूरा भी है। सभी सेक्टरों के मार्केट भी समस्याओं से ग्रस्त हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि झाड़ियों व कचरे कीगंदगी, अंधरे और अराजक तत्वों की समस्या बनी हुई है। टाउनशिप में बीएसपी और दोनों नगर निगमों के बीच तालमेल से नियोजित विकास होने से तस्वीर बदल सकती है।

---

## खबर संक्षेप



### ईडी निगम ने क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त से की मुलाकात

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यपालक निदेशक का पदभार ग्रहण करने के बाद प्रवीन निगम ने सौजन्य भेंट के तहत क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त रायपुर, अभिषेक कुमार से मुलाकात की । कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के दिशा–निर्देशों के अनुपालन में आ रही विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा हुई। अभिषेक कुमार ने बीएसपी के वित्त एवं लेखा विभाग द्वारा श्री निगम के मार्गदर्शन में उठाए जा रहे सक्रिय प्रयासों की सराहना की। आमंत्रण पर उन्होंने बीएसपी का दौरा करने हेतु सहमति दी।

### अंडा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) एवं जिला चिकित्सालय, दुर्ग के तत्वाधान में ग्राम अण्डा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर हुआ। सीएसआर से डां.एडी बनर्जी, फार्मासिस्ट खिलावन कुंभकार, नर्स प्रभा सैमुअल व शंभू दयाल एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग की ओर से सीएचओ दामिनी सिन्हा व आरएचओ मुकेश साहू उपस्थित थे।

---

## जिला कांग्रेस दुर्ग और भिलाई ने पूर्व सीएम भूपेश व विधायक देवेंद्र के निवास पर छापे का किया विरोध

# गुस्साए कांग्रेसियों ने फूंका मोदी सरकार का पुतला

*पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव के निवास पर सीबीआई के छापे की कार्रवाई से गुस्साए कांग्रेसजनों ने गुरुवार को भिलाई और दुर्ग में सड़क पर उतरे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस भिलाई ने सुपेला चौक और जिला कांग्रेस समिति दुर्ग ने पुराना बस स्टेंड हाइवे पर मोदी सरकार और सीबीआई ईडी का पुतला फूंका। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुलिस की छीनाझपटी के पहले पुतला जलाया फिर मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई द्वारा राजनैतिक दबाव से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव सहित पार्टी के विभिन्न कार्यकर्ताओं के निवास और कार्यालय में सीबीआई और ईडी के छापे के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी,भिलाई द्वारा घड़ी चौक में भाजपा सरकार और सीबीआई का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस ने छापे की कार्रवाई को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित करार देते हुए चेताया है कि मोदी सरकार से कांग्रेस डरने वाली नहीं है। सुपेला घड़ी चौक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार व सीबीआई का पुतला दहन किया गया।

जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ओर विधायक देवेंद्र यादव सहित कांग्रेस नेताओं के निवास पर सीबीआई की कार्यवाही भाजपा की हताशा को दिखाता है। भाजपा, कांग्रेस और भूपेश बघेल से डरी हुई है। भाजपा और सीबीआई का एक षड्यंत्र अदालत में धाराशाई हुआ है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाने का फैसला आया इन सब घटनाक्रम से भाजपा बौखला गयी है। इसी बौखलाहट में भाजपा ने सीबीआई को भेजा है। भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है। भाजपा बौखला गई है । भाजपा राजनीतिक रूप से मुकाबला नहीं कर पा रही हैं। यदि भाजपा यह सोच रही है कि कांग्रेस को डराया या रोका जा सकता है, तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। कांग्रेस न झुकी है, न झुकेगी अब हर षड्यंत्र का जवाब और भी दमदार होगा।

### जांच एजेंसियों के सहारे चल रही भाजपा की राजनीति



### जनता के मुद्दों से ध्यान भटका रहे

पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरेशी ने कहा कि अपनी राजनैतिक विफलता से तथा देश के मूल मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने भाजपा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और कांग्रेस के नेताओं के घर सीबीआई को भेजा है, ये जांच नहीं है राजनीतिक प्रतिशोध हैं। जो साफ दिख रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप, रामा विश्वकर्मा,प्रमोद प्रभाकर, मुकुंद भाऊ, केशव चौबे,लालचंद वर्मा,चंद्रशेखर गंवाई,जोहन सिन्हा,संजीत चक्रवर्ती युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मनीष तिवारी जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस विभोर दुरकर युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शोएब मोहम्मद खान प्रदेश सचिव एनएसयूआई आकाश कनौजिया रविंद्र सिंह संजीव यादव,अजय युवा कांग्रेस भारतगीरी यादव विनोद यादव बद्रीनाथ बघेल, समय लाल साहू, प्रमोद यादव,कीर्ति सिंह,संगम यादव,अकबर कुरेशी,सुरेश वर्मा,बलदाऊ पिपरिया,देव कुमार बंजारे,यूंवराज चौरसिया,दुर्गा प्रसाद साहू,मोहम्मद रफीक,मंगल राम साहू,खमन सिंह,नीलांबर सिंह, नरसिंह नाथ,अजय सिवरकर सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### हाईवे में भाजपा और सीबीआई का किया पुतला दहन

**दुर्ग।** जिला मुख्यालय दुर्ग में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दुर्ग के पुराना बस स्टैंड के हाईवे में पुतला दहन किया। इस दौरान बडी संख्या में पहुंचे कांग्रेसियों ने भाजपा के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई और पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की किए गए। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और सीबीआई का पुतला दहन किया। सीबीआई छापे को लेकर दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि, यह छापा सीबीआई का दुरुपयोग है।छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को जिला मुख्यालय दुर्ग में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी और सीबीआई का पुतला दहन किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेंद्र यादव के यहां सीबीआई छापे को लेकर जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यह छापा सीबीआई का दुरुपयोग है। यह छत्तीसगढ़िया नेतृत्व को दबाने और डराने की कोशिश है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण), गया पटेल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजेंद्र साहू प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री, पूर्व सभापति राजेश यादव, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, अय्यूब खान, जनपद उपाध्यक्ष राकेश साहू, देवेंद्र देशमुख, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, विनोद गुप्ता, रिवेंद यादव, हरीश ठाकुर, उमाकांत चंद्राकर, संजय देशलहरे, सिद्धार्थ चंद्राकर, अमृत राजपूत, दीप सारस्वत, गोविंदा निषाद, संजय देहलहरा, नीलेश जैन, प्रहलाद वर्मा, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत उतई डिकेन्द्र हिरवानी, पार्षद द्वारिका, वीरेंद्र गोस्वामी, मुकेश साहू, नीरा खिचरिया, सुरता सिंह, तिलक साहू, ऋषि साहू, रत्ना नारमदेव, हेमा साहू आदि मौजूद थे।



### इस तरह की टिप्पणी

कांग्रेसियों ने कहा कि, पूर्व में पूर्व मंत्री और आदिवासी नेता कवासी लखमा को झूठे आरोप में जेल भेजना, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के यहां ईडी का छापा यह सिद्ध करता है कि, छत्तीसगढ़ में वर्तमान भाजपा सरकार अपने मित्र उद्योगपतियों के लिए जगह और मौके तलाश कर रही है। उन्होने कहा 15 महीने की विष्णु देव सरकार के पास जनता के लिए कोई उपलब्धि नहीं है, इसलिए जनता का ध्यान भटकाने और प्रधानमंत्री के सामने यह दिखाने का प्रयास की हम कार्रवाई कर रहे हैं, सीबीआई का दुरुपयोग कर माहौल तैयार किया जा रहा है।

---

# सतर्कता से रुकेंगी दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

■ स्टील जोन में सुरक्षा प्रतियोगिता का समापन

भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील जोन में कार्यरत ठेका श्रमिकों के लिए सुरक्षा प्रतियोगिता का समापन समारोह कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। विशेष अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता थे। अध्यक्षता सीजीएम प्रमोद कुमार ने की। प्रतियोगिता में एसएमएस-2 व 3, एमआरडी, आरईडी, आरएमडी, आरसीएल, टी एंड डी विभागों के ठेका श्रमिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतिभागियों के लिए लघु नाटिका, टूल बाक्स टॉक, सुरक्षा के दो टूक, सुरक्षा प्रश्नोतरी, प्रश्नोतरी सहित अन्य प्रतियोगिताएं हुईं। समापन समारोह में सीजीएम सुशील कुमार, सुशांत घोषाल,प्रोसेनजीत दास,राहुल श्रीवास्तव, महाप्रबंधक प्रभारी संजय अग्रवाल, महाप्रबंधक प्रभारी रंजन भारती एवं जीएम मनोज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे। राकेश कुमार ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए सुरक्षा को अपने दैनिक कार्यों का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए संकल्पित किया। उन्होंने सुरक्षा को प्रत्येक कर्मचारी की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाने और कार्यस्थल पर सतर्कता बनाए रखने और सुरक्षा उपकरणों का पालन करने का निर्देश दिया। कार्यस्थल पर हमेशा सतर्क रहे, ताकि संभावित खतरों को पहचान कर, दुर्घटनाओं को रोका जा सके।श्री दासगुप्ता ने ठेका श्रमिकों की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सुरक्षा संबंधित जागरूकता कार्यशाला में अपनी अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करें और सुरक्षा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### ठेका मजदूरों को सम्मान

अतिथियों का पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में एसएमएस-3 की विभागीय सुरक्षा अधिकारी पुष्पा एंब्रोस ने दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी रहे 200 ठेका श्रमिकों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक प्रभारी त्रिभुवन बैठा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खेलकूद स्पर्धा के विजेता पुरस्कृत



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत महामाया लौह अयस्क खदान से सम्बद्ध गांव इमलीपारा में आयोजित 7 दिवसीय ग्रामीण क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन महाप्रबंधक शिवराजन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। महाप्रबंधक अरुण कुमार, उप महाप्रबंधक मनीष जायसवाल, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े तथा संयंत्र के अन्य अधिकारी व कर्मचारी सहित प्रतिभागी खिलाड़ी व ग्रामवासी उपस्थिति थे। कार्यक्रम में ग्रामवासियों नेलोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। शिवराजन ने महामाया लौह अयस्क खदान क्षेत्र के निवासी ग्रामीणों से परस्पर जुड़ाव और खेलकूद गतिविधियों में शामिल होने के लिए आग्रह किया। क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट तथा रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में महामाया लौह अयस्क खदान से सम्बद्ध गांव कुमुड़कट्टा, इमलीपारा, महामाया, नालकसा, आड़ेझर, कोटागांव, कोपेडेरा के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# अलाटेड क्वार्टर में छह साल से कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

■ प्रेस कांफ्रेंस: न्याय के लिए भटक रही अलाटी महिला

अयप्पा नगर निवासी एम राजेश्वरी पति स्व. एम. निराकार ने सेक्टर 7 में अपने पति को अलाट किए गए क्वार्टर को कब्जामुक्त कराने के लिए दर बदर भटक रही है। मकान खाली कराने के लिए बीएसपी मदद कर रही है और न ही पुलिस कोई कार्रवाई कर रही है। मकान में 6 साल से एक कांग्रेस नेता ने कब्जा कर रखा है। मकान के लिए हर माह बीएसपी द्वारा काटा जा रहा है। अयप्पा नगर निवासी एम राजेश्वरी पति स्व. एम निराकार ने अपने दो बच्चों के साथ प्रेस कांफ्रेंस में न्याय की मांग करते हुए बताया कि मेरे पति एम निरकार भिलाई इस्पात संयंत्र के वायर राड मिल विभाग में सीनियर आपरेटिव के पद पर कार्यरत थे। 2 जुलाई 2018 को मेरे पति की मृत्यु होने के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कर्मचारी हितलाभ योजना के तहत 30 सितंबर 2033 तक के लिए क्वार्टर नं 3 ए, सड़क-9, सेक्टर-7 में (1 -एम टाइप) आवास उपलब्ध करवाया गया था। मुझे रुपए की जरुरत होने पर अपने परिचित निरंजन बिसई से 90 हजार रुपए उधार ली थी। निरंजन द्वारा कोरे बॉन्ड पेपर में हस्ताक्षर कराया। अपने दोनों बच्चों के साथ भाई के घर राउरकेला जाने के दौरान अपने परिचित के निरंजन बिसई को घर की देखरेख के लिए अपने आवास को दे दिया। श्रीमती एम. राजेश्वरी ने बताया कि भिलाई वापस आकर जब वे अपने घर गई तो उन्हें घुसने नहीं दिया। खाली बॉन्ड पेपर में हस्ताक्षर लेकर किरायानामा टाइप करवा दिया गया। निरंजन बिसई हमारे क्वार्टर में 6 साल से कब्जा कर रखा है। आवास के लिए 8 हजार रुपए हर माह बीएसपी द्वारा काटा जा रहा है।



### पुलिस व बीएसपी से नहीं मिल रही मदद

श्रीमती एम. राजेश्वरी के पुत्र भूमिश ने बताया कि क्वार्टर में 6 साल से निरंजन के कब्जे की शिकायत लेकर भिलाई नगर थाने गए तो वहां बताया गया कि ये बीएसपी का मामला है। हम कुछ नहीं कर सकते। एक माह पूर्व नगर सेवा विभाग के अधिकारी से भी लिखित में शिकायत की गई है, लेकिन वहां से भी कुछ कार्रवाई नहीं की गई। भूमिश ने बताया कि अधिकारी समझौता करने की सलाह दे रहे हैं। आवास के लिए 8 हजार रुपए हर माह बीएसपी द्वारा काटा जा रहा है। भूमिश ने बताया कि मां के नाम से आवास अलॉट होने के बाद भी बीएसपी के अधिकारी कब्जाधारी निरंजन बिसई के पक्ष में बात कर रहे हैं। भूमिश ने बताया कि कब्जाधारी निरंजन बिसई कांग्रेसी नेता है। श्रीमती राजेश्वरी ने बताया कि आवास में जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए लड़ाई झगड़ा की जाती है।

## निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडरों को बड़े डस्टबिन और हाइजीनिक किट बांटा गया

# नगर निगम भिलाई अब सुविधाएं बढ़ाने वेंडरों को देगा ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

निगम भिलाई क्षेत्र में सड़क के किनारे एवं निर्धारित स्थल पर खाद्य सामग्री बेचने वाले लगभग 8780 स्ट्रीट वेंडर है। इसमें से 3222 स्ट्रीट वेंडरों का नगर निगम भिलाई द्वारा पंजीयन किया गया है। इनके पास गुमशता, हाकर लाइसेंस, पंजीयन प्रमाण पत्र आदि प्रदान किया गया है। ज्यादातर स्ट्रीट वेंडर द्वारा दैनिक उपयोग की खादय सामग्री बनाकर बेचा जाता है। समय-समय पर उन्हे शासन की योजना के अनुसार ट्रेनिंग दी जा रही है। किस प्रकार से दुकानों का संचालन करें, शासन द्वारा उन्हे क्या सुविधा प्रदान की जा रही है। शुरू में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनों के तहत व्यापार करने के लिए उन्हे 10 हजार का लोन प्रदान किया जाता है। बैंक से उनका ट्रान्जेक्शन ठीक रखने एवं हिसाब-किताब व्यवस्थित रखने पर उन्हे और आवश्यकतानुसार बैंक द्वारा दुकान को अच्छे ढंग से संचालित करने के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। जो 10 हजार, 20 हजार, 50 हजार, 2 लाख इत्यादि आवश्यकता अनुसार बहुत कम ब्याज दर पर प्रदान किया जा रहा है।



निगम सभागार में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा उपस्थित सभी स्ट्रीट वेंडरों को गीला कचरे के लिए हरा रंग का बड़ा डस्टबिन एवं सूखा कचरे के लिए नीला रंग का बड़ा डस्टबिन बांटा गया। साथ ही स्ट्रीट फूड वेंडरों को प्रथम एजुकेशन फाउन्डेशन द्वारा हाथ में पहने के लिए ग्लबस, सर पर पहने के लिए टोपी, एप्रान, गारबेज बेग, काउंटर पोछने के लिए कपड़े आदि सामग्री बांटा गया है। ताकि स्ट्रीट वेंडर अपने दुकान पर बची हुई खादय सामग्री, दोना, प्लेट, पानी बॉटल इत्यादि इधर-उधर न फेंक कर डस्टबिन में ही डालें। जिसे नगर निगम भिलाई के स्वच्छता गाड़ी में दे दिया करें। डस्टबिन का उपयोग दुकान में कचरा रखने के लिए ही करना है। न कि उसको अपने घरों में अन्य कार्य के लिए उपयोग करना है। निगम के सुपरवाइजर इसकी पूरी देखरेख करेगें।

स्ट्रीट वेंडर को ट्रेनिंग, शासन एवं बैंक के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सुविधाओं, अपने व्यापार को कैसे आगे बढ़ाया जाये। आज के मांग के अनुसार अपने उत्पाद को कैसे विक्रय किया जाये आदि के बारे में संस्था प्रथम एजुकेशन फाउन्डेशन द्वारा दी जा रही है। वितरण के दौरान जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, संस्था से पवन साहू, भोजराम साह, सूर्यकांत देशमुख, डेविड साहू, चांदनी साहू, शहरी आजीविका मिशन से नलनी तनेजा, एकता शर्मा आदि उपस्थित रहे।



Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129



04 सूर्योदय का फैशन

## लाइव इवेंट

### स्टूडेंट्स ने किया आकाशवाणी का अवलोकन देखा कैसे बन जाती है महीनेभर पहले कैशशीट




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा रिसाली के बीएससी कृषि अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत आकाशवाणी केंद्र रायपुर का अवलोकन किया। कृषि, पत्रकारिता और व्यवहार कौशल माड्यूल के अन्तर्गत वे आकाशवाणी केंद्र पहुंचे।जहां उन्होंने जाना कि आकाशवाणी के कार्यक्रम कैसे बनाए जाते हैं, कैसे उनको तैयार किया जाता है और फिर कैसे प्रसारित करते हैं। छात्रों ने जाना कि एक माह पूर्व से ही कैशशीट बन जाती है। कौन से समय में कौन सा समाचार रेडियो में प्रसारित किया जाएगा। उन्होंने रिकॉर्डिंग रूम देखकर जाना कि रिकॉर्डिंग कैसे होती है। क्या-क्या सावधानियां रिकॉर्डिंग के समय रखी जाती है। किसान भाइयों के लिए चौपाल कार्यक्रम कैसे बनाते हैं। कार्यक्रम कार्यकारी शशि प्रकाश पांडे, ड्यूटी अफसर रमाशंकर, एडीपी पंकज मेश्राम से पूरी जानकारी प्रदान की। इस दौरान अंकित वर्मा, प्रथम सोनी, यश पवार, आस्था सोनी, प्रेरणा साव, ऋषिता पांडे, दिव्या चौरसिया के साथ समन्वयक विवेक पाण्डे मौजूद थे।

- छत्तीसगढ़ कृषि कॉलेज धनोरा के बीएससी कृषि अंतिम वर्ष के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

## सिटी इवेंट

### बुजुर्गों का अनुभव किसी खजाने से कम नहीं, युवाओं को इसे करना चाहिए आत्मसात : योगेश निक्की भाले



**भिलाई।** पेंशनर्स समाज का वार्षिक सम्मेलन इस बार पाटन में आयोजित किया गया। आयोजन में नगर पंचायत के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे। भाले ने कहा कि बुजुर्गों का अनुभव किसी खजाने से कम नहीं, इसे हम युवाओं को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स समाज कर्मठता और लगन से विभिन्न विभागों में सेवा प्रदान कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। जगन्नाथ स्वामी मंदिर प्रांगण अखरा में आयोजित पाटन तहसील के वार्षिक सम्मलेन में संस्था के अध्यक्ष हीरा सिंह वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, प्रांताध्यक्ष चेतन भारती, मुख्य न्यासी जगन्नाथ मंदिर अखरा अमरचंद वर्मा उपस्थित थे। वार्षिक सम्मेलन में दिवंगत पेंशनर्स सेवानिवृत शिक्षक स्व. भुवन लाल वर्मा, स्व. कोमल धुरन्धर एवं अन्य दिवंगतो को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

- पेंशनर्स समाज का वार्षिक सम्मेलन हुआ पाटन में, बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष हुए शामिल

#### बुजुर्ग पेंशनर्स ने अतिरिक्त कमरे की मांग, वर्मा ने कहा-प्रयास करेंगे



विभिन्न क्षेत्रों के पेंशनर्स एवं उपस्थित अतिथियों का सम्मान कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। जितेंद्र वर्मा ने कहा कि आप सभी लाखों नागरिकों के पथ प्रदर्शक हैं, एक अत्यंत हर्ष का विषय है कि पूर्व मे पेंशनर्स समाज के द्वारा डोम शेड निर्माण का मांग रखी गई थी। मंडी बोर्ड से यह राशि स्वीकृत कराई गई है। इस बार भी आप लोग के द्वारा पेंशनर्स भवन के उपर अतिरिक्त कमरा और हॉल निर्माण का मांग रखी है, इसे भी पूरा करने प्रयास किया जाएगा।

#### नगर पंचायत अध्यक्ष ने हरसंभव मदद का दिलाया भरोसा

योगेश निक्की भाले ने कहा कि आज इस कार्यक्रम में अनुभव और उम्र में सबसे छोटा मैं ही हूं और इस कार्यक्रम में मैं आप सभी से आशीर्वाद और मार्गदर्शन लेने आया हूं। आप सभी ने मुझे इस कार्यक्रम का हिस्सा बनाया वह मेरा सौभाग्य है। आप सभी का अनुभव हर भावी पीढ़ी के लिए खजाना हैं। इस अवसर पर पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, केशव बंछोर, माधव प्रसाद वर्मा, पार्षद केवल देवांगन, मनोज वर्मा, नोहर सिंह वर्मा, इंद्र कुमार वर्मा, विष्णु कुमार वर्मा, अलखराम वर्मा, टीआर देवांगन, भास्कर सवार्नी, केपी हिरवानी, कमला सेन आदि मौजूद थे।

## ● वित्तीय वर्ष 2025-26 को लेकर नई कर प्रणाली, जीएसटी और टीडीएस नियमों पर पड़ने वाले असर

# 1 अप्रैल से होने वाले बदलाव...एफडी में 1 लाख तक की ब्याज आय में टीडीएस की छूट 12 लाख की सालाना इंकम पर 60 हजार का फायदा, जीएसटी में आईएसडी नियम होगा लागू

ट्विनसिटी सहित पूरे देश में 1 अप्रैल यानी नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में कर प्रणाली में व्यापक स्तर पर बदलाव होने हैं। केंद्र और राज्य सरकार हर साल नए नियमों को लागू करती है, जिसमें लेनदेन और बैंकिंग से जुड़े काम भी शामिल होते हैं। इन बदलाव का असर आम जनता की जेब पर भी देखने को मिलता है। इस बार होने वाले बदलावों को लेकर हरिभूमि ने शहर के प्रतिष्ठित सीए, टैक्स विशेषज्ञों से बात की। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से कई बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। एफडी में जहां 1 लाख से तक की ब्याज आय पर अब टीडीएस में छूट मिलेगी। वहीं ऐसे करदाता जिनकी सालाना इंकम 12 लाख या इससे ज्यादा है, उन्हें 60 हजार रुपए तक का फायदा होगा। जीएसटी में आईएसडी यानी इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर नियम लागू किया जा रहा है, इससे व्यापारियों को फायदा होगा।

अतुल अग्रवाल ▶▶भिलाई

नए टीडीएस नियमों में बदलाव का उद्देश्य टैक्सपेयर्स, निवेशकों, सीनियर सिटीजन और कमीशन कमाने वालों को आर्थिक राहत देना बताया गया है। इससे लोगों पर व्यक्तियों टैक्स बोझ कम करना और उनकी डिस्पोजेबल आय को बढ़ाना है। एक अप्रैल से फिक्स्ड डिपॉजिट कराने वालों को 1 लाख रुपए तक की ब्याज आय पर टीडीएस से छूट मिलेगी। हालांकि वित्तीय वर्ष में ब्याज आय 1 लाख रुपये से ज्यादा होने पर टीडीएस काटा जाएगा। इसके अलावा सरकार ने ब्याज आय पर टीडीएस की सीमा 40,000 रुपए से बढ़ाकर 50,000 रुपए कर दी गई है। ऑनलाइन गेमिंग पर यदि 10 हजार से ज्यादा प्राइस मनी जीती है तो ही टीडीएस भरना होगा। यानी अगर 8-9 हजार रुपए जीतते हैं, तो भी टीडीएस नहीं काटा जाएगा। बीमा एजेंट और ब्रोकर्स के लिए लिमिट 15,000 से बढ़ाकर 20,000 कर दी गई है। म्यूचुअल फंड और इक्विटी में निवेशकों को इनकम पर टीडीएस सीमा को 5,000 रुपये से बढ़कर 10,000 रुपये कर दिया गया है। अब निवेशक अपनी कमाई का ज्यादा हिस्सा बचा पाएंगे। टीडीएस के नए नियम के अनुसार 7 लाख की जगह 10 लाख रुपये विदेश ट्रांजेक्शन पर कोई टीडीएस नहीं लगेगा। इससे ज्यादा भेजने पर टैक्स देना पड़ेगा। इस प्रकार टीडीएस के लिए ये नए नियम बनाए गए हैं।



आयकर की बात करें तो 12 लाख तक इनकम पर 60 हजार का फायदा होने वाला है। नई कर प्रणाली के अंतर्गत अब 12 लाख रुपए तक की कमाई पर कोई

### नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ 12.75 लाख पर छूट

टैक्स नहीं देना होगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ यह छूट 12.75 लाख रुपए हो जाएगी। यानी 12 लाख तक की सालाना कमाई वालों पर 4-8 लाख रुपए पर लगने वाले 5% टैक्स और 8-12 लाख की कमाई पर लगने वाला 10% टैक्स सरकार माफ कर दिया है। इससे करदाताओं को 60 हजार रुपए का सीधा फायदा होगा। इसके अलावा किराए से होने वाली इनकम पर टीडीएस की सीमा 2.4 लाख से बढ़ाकर 6 लाख की गई है। यानी अब 6 लाख रुपए तक के सालाना किराए पर टीडीएस नहीं लगेगा।

वरिष्ठ नागरिकों को बैंक और पोस्ट ऑफिस के ब्याज से होने वाली कमाई पर मिलने वाली टैक्स छूट को 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख की गई है। पुराने इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की सीमा 2 साल से बढ़ाकर 4 साल की गई है। यानी यदि किसी करदाता ने अपना रिटर्न गलत फाइल किया हो या फाइल करना रह गया हो, तो वह अब इस गलती को 4 साल के अंदर अपडेटेड रिटर्न फाइल कर सकेंगे। अगर आपके पास दो घर हैं और आप दोनों घरों में रहते हैं, तो अब आप दोनों संपत्तियों पर टैक्स का फायदा ले सकेंगे। जबकि पहले एक घर पर मकान संपत्ति से आय अंतर्गत टैक्स देना होता था। पढ़ाई के लिए 10 लाख रुपए तक विदेश भेजने पर टैक्स नहीं लगेगा। फिलहाल 7 लाख रुपए से अधिक होने पर टैक्स लगता है। नेशनल सेविंग्स स्कीम (एनएसएस) खाते हैं, जिन पर कोई ब्याज नहीं दिया जा रहा है। अब निकासी पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।

### जीएसटी नियम में भी होने वाले बदलावों को भी जानिए

गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) के नियमों में भी बदलाव होने जा रहा है। इसके तहत 1 अप्रैल 2025 से इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर (आईएसडी) सिस्टम लागू होने जा रहा है। यह प्रक्रिया उन व्यवसायों को सुविधा उपलब्ध कराएगी जो कई राज्यों में संचालित हो रहे हैं। इसके तहत व्यवसाय अपनी एक शाखा या हेडक्वार्टर में कॉमन इनपुट सर्विसेज के इनवॉइस को सेंट्रलाइज कर सकते हैं। इससे उन शाखाओं के बीच इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का समान वितरण संभव होता है जो शेयर्ड सर्विसेज का उपयोग करती हैं। टैक्स के जानकारी विजयंत पटेल ने बताया कि इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) वह टैक्स है, जो व्यवसाय अपनी खरीद पर चुकाते हैं। इसे आउटपुट टैक्स (बिक्री पर लिया जाने वाला टैक्स) से घटाया जा सकता है, जिससे व्यावसाय की कुल जीएसटी देनदारी कम हो जाती है। नए नियमों के तहत आईएसडी सिस्टम का उपयोग अनिवार्य होगा। इसके अलावा पहले व्यवसायों के पास कॉमन आईटीसी को अपने अन्य जीएसटी रजिस्ट्रेशंस में आवंटित करने के लिए दो विकल्प थे। आईएसडी मैकेनिज्म या क्रॉस-चार्ज मेथड, लेकिन अब 1 अप्रैल से आईएसडी का उपयोग न करने पर रेसिपिएंट लोकेशन के लिए आईटीसी नहीं दी जाएगी। यदि आईटीसी का गलत वितरण होता है, तो टैक्स अर्थॉरिटी ब्याज सहित राशि वसूल सकती है। इस पर जुर्माना का भी प्रावधान है। टैक्स चोरी को रोकने के लिए इसे इस वित्तीय वर्ष से लागू किया जा रहा है।

### भुगतान समय पर न करने पर आयकर में खर्च अस्वीकृत, तय समय में जानकारी दें

एक्सपर्ट के मुताबिक एमएसएमई भुगतान समय पर न करने पर आयकर में खर्च अस्वीकृत हो सकता है। पिछले वर्ष के वित्त विधेयक के अनुसार यदि कोई करदाता या उद्यम रजिस्टर्ड सूक्ष्म या लघु उद्यम से माल या सेवा खरीदता है, तो उसे निर्धारित समयावधि में भुगतान करना आवश्यक है। यदि क्रेता और विक्रेता के बीच कोई लिखित अनुबंध नहीं है, तो भुगतान 15 दिनों में, और यदि लिखित अनुबंध है तो 45 दिनों में करना होता है। उपरोक्त अवधि में भुगतान नहीं होता है, तो यह आयकर अधिनियम की धारा 43बी(एच) के अनुसार स्वीकार्य खर्च नहीं माना जाएगा।आपकी कर योग्य आय में जोड़ दिया जाएगा। इसका सीधा असर आपकी आयकर देनदारी पर पड़ेगा।

### एक्सपर्ट व्यू

#### “ टैक्स सिस्टम को पहले से आसान बनाने की कोशिश



टैक्स सिस्टम को पहले से आसान बनाने की कोशिश की गई है।1 अप्रैल से होने वाले बदलाव लागू होने जा रहे हैं। फिलहाल किस तरह की दिक्कतें सामने आएंगी, यह बताना मुश्किल है। जीएसटी में जो बदलाव किए गए हैं, यह जीएसटी सिस्टम को और अधिक व्यवस्थित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आईएसडी सिस्टम से न केवल राज्यों के बीच टैक्स रेवेन्यू का उचित वितरण होगा, बल्कि व्यवसायों को भी अपनी टैक्स देनदारियों को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने में सहायता मिलेगी। टैक्स चोरी को रोकने और सिस्टम में पारदर्शिता लाने में भी मददगार साबित होगा। - **विजयंत पटेल**, टैक्स विशेषज्ञ और अधिवक्ता

#### “ 31 मार्च से पहले कर निर्धारण प्रक्रिया पूरी करने से मिलेगी राहत



हर वर्ष मार्च का महीना केवल बैलेंस शीट बंद करने के लिए नहीं, बल्कि कर व विधिक जिम्मेदारियों के पूर्ण और समुचित निष्पादन के लिए सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। इस वर्ष लागू की गई योजनाएं एमएसएमई, जीएसटी व राज्य कर के क्षेत्र में एक बार का अवसर प्रदान कर रही हैं। मेरा हर प्रकार के करदाताओं से निवेदन है कि समय रहते सभी जरूरी कार्यवाही पूरी करें और अनावश्यक कर बोझ व दंड से बचें।

- **पीयूष जैन**, सीए और पूर्व चेयरमैन आईसीएआई शाखा भिलाई

#### “ 1 अप्रैल से लागू हो रहे आयकर से जुड़े नए नियम



आयकर, जीएसटी, टीडीएस को लेकर केंद्र सरकार के नए नियम 1 अप्रैल से लागू हो रहे हैं। इस बार की कर प्रणाली में कई अमूलचूल परिवर्तन किए गए हैं। एक आम करदाता को जानना इसे जरूरी है। सरकार ने कई नियमों में परिवर्तन किया है। इसका सीधा फायदा छोटे और मध्यम उद्यमी, नौकरीपेशा लोगों को मिलेगा।

- **एलएन अग्रवाल**, चार्टड एकाउंटेंट

#### “ छोटे और मध्यम स्तर के उद्योगों को होगा फायदा



1 अप्रैल से लागू हो रहे इनकम टैक्स एवं एमएसएमई नियमों में प्रमुख बदलाव एवं उनके उद्यमियों व व्यापारियों के लिए काफी फायदा होगा। इंटरप्रेनेर एवं ट्रेडस को इन सुधारों से मध्य वर्ग एवं छोटे, मध्यम उद्यमों दोनों को सीधा वित्तीय लाभ मिलेगा। टैक्स बोझ घटेगा। व्यवसायों के लिए पूंजी तक आसान पहुच सुनिश्चित होगी। सरकार की सब्सिडी एवं योजनाएं मिलेंगी। मध्य और छोटे उद्योगों के लिए ब्याज दरें कम और गारंटी कवरेज बढ़ा है। टैक्स इंसेंटिव्स एवं सब्सिडी योजनाएं अपग्रेड की गई हैं। -**संजय चौबे**, आयकर विशेषज्ञ

#### 31 मार्च तक कर भुगतान जरूरी

केंद्र सरकार ने जीएसटी के शुरुआती वर्षों में करदाताओं को हुई व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए धारा 128ए के अंतर्गत एक विशेष राहत योजना लागू की है। इसके अनुसार यदि किसी करदाता के खिलाफ वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 या 2019-20 के लिए धारा 73 के अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी हुआ है, तो वह करदाता यदि 31 मार्च 2025 तक पूरा टैक्स चुका देता है, तो उस पर लगाया गया ब्याज और पेनल्टी माफ कर दिया जाएगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए दो शर्तें हैं।

## बजरंग दल ने पशुओं के इलाज के लिए बेहतर इंतजाम की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

भिलाई। गौ सेवा एवं गौरक्षा के भाव को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने कामधेनू यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित पशु चिकित्सालय पद्मनाभपुर में वेटनरी डॉक्टरों को ज्ञापन सौंपा। परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि एक गौमाता के ज्यादा बीमार होने पर अस्पताल ले जाने पर वहां के कार्यरत डॉक्टरों द्वारा 1500 रुपए फील ली गई है। 3500 रुपए की दवा मंगाई गई। इसे लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। पशु



चिकित्साकों द्वारा समय पर फोन भी नहीं उठाया जाता। प्रांत अध्यक्ष संतोष गोलछा के मार्गदर्शन पर एवं विहिप के विभाग मंत्री अनिल गुर्जर की अनुशंसा पर कार्यकर्ता ज्ञापन देने पहुंचे। उन्होंने चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। इस अवसर पर सह संयोजक रामलोचन राकेश तिवारी, विजय दुबे, सौरभ देवांगन, खेमलाल सेन, सुनील वैष्णव, बलदाऊ साहू, मिलाप निषाद, राकेश राज, नरसिंग सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

## शेरावाली मंदिर में चैत्र नवरात्र पर ज्योति कलश स्थापना और भंडारा

**भिलाई।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नेहरूनगर चौक स्थित शेरावली मंदिर में चैत्र नवरात्र पर ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। 30 मार्च को घट स्थापना और ज्योति कलश प्रज्वलन के साथ उत्सव की शुरुआत होगी। मंदिर के पुजारी अरुण मिश्रा ने बताया कि मां के दरबार में प्रतिवर्ष भव्य आयोजन किया जाता है। इस दौरान भजन-कीर्तन और अन्य कार्यक्रम होते हैं। 2 अप्रैल पंचमी के दिन विशेष पूजन और श्रृंगार होगा। 5 अप्रैल को अष्टमी पूजन के साथ हवन और पूर्णाहुति होगी। 6 अप्रैल को विशाल भंडारा के साथ ज्योति कलश का विसर्जन होगा। हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरुआत पर नवरात्र का यह महापर्व मनाया जा रहा है।



## छत्तीसगढ़ के उद्योगों को तेजी से विकसित करने आईआईटी की पहल, इंडस्ट्री एकेडमिया राउंड टेबल का आयोजन

# आईआईटी और इंडस्ट्रीज को एक साथ आकर काम करने की जरूरत : प्रो. राजीव

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के उद्योगों का तेजी से विकास हो, इसके लिए कौन सी नई तकनीक अपनाई जाए इसे लेकर आईआईटी भिलाई द्वारा इंडस्ट्री- एकेडेमिया राउंड टेबल कार्यशाला का आयोजन किया गया। ...ईआईटी के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश के नेतृत्व में ...जित इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि आईजी राम...ल गर्ग थे। कार्यशाला में एमएसएमई जिला उद्योग ...घ के अध्यक्ष केके झा सहित दुर्ग भिलाई व अन्य क्षेत्रों के वरिष्ठ एवं युवा उद्योगपति काफी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यशाला में आईआईटी के संतोष बिस्वास, आरएंडडी के डीन, विष्णु वैभव द्विवेदी, मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (नवाचार और प्रौद्योगिकी फाउंडेशन), डॉ. सौराद्युति पॉल, एचओडी (सीएसई विभाग), डॉ. सौम्या गंगोपाध्याय, एचओडी (मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग) ने प्रोजेक्टर के माध्यम से आईआईटी भिलाई के पिछले 7 वर्षों की जर्नी को संक्षेप में बताया। उन्होंने जानकारी दी कि भिलाई आईआईटी क्या-क्या कर रहा है। यहां के उद्योगों के लिए किन-किन क्षेत्रों में संभावनाएं हैं उनकी तलाश की जा रही है जहां काम किया जा सकता है।



### स्टील मेकिंग में कैसे कार्बन कम हो, इस पर हो रहे शोध

आईआईटी भिलाई के प्रो. राजीव प्रकाश ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आईआईटी भिलाई और इंडस्ट्रीज कैसे एक साथ आकर काम कर सकते हैं हमें इस दिशा में सोचने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि आईआईटी भिलाई कई प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहा है। जैसे स्टील मेकिंग में कैसे कार्बन का उत्सर्जन ना हो। आईजी पुलिस रामगोपाल गर्ग ने कहा कि भिलाई और यहां के लोग लक्की हैं कि यहां आईआईटी जैसा इंस्टिट्यूट बना है। आपको जानकर यह आश्चर्य होगा कि दुर्ग पुलिस भी आईआईटी के साथ जुड़ चुकी है। उद्योग संघ के अध्यक्ष केके झा ने भी अपनी बात रखी और इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के आयोजन के लिए डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश सहित अन्य प्रोफेसरों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संरक्षक एस. स्वामीनाथन (एटमास्को लिमिटेड), उपाध्यक्ष व्यास प्रसाद शुक्ला, विजय अग्रवाल (शिवा मिनरल), महासचिव अंकित मेहता (मेहता स्टील्स), विवेक झा (शक्ति इंजीनियरिंग), अंशुल जैन (साइनो ऑर्गेनिक), सचिव मयूर कुकरेजा आदि मौजूद थे।



**लाइव इवेंट**

## उद्यमिता ही देश की आर्थिक समृद्धि की कुंजीः अग्रवाल



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा कल्याण महाविद्यालय भिलाई में 12 दिवसीय माइक्रो एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की गई। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद की संयुक्त पहल के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आर पी अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि उद्यमिता ही देश की आर्थिक समृद्धि की कुंजी है। इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को न केवल स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करते हैं, बल्कि उन्हें नवाचार और आर्थिक स्वतंत्रता का अवसर भी प्रदान करते हैं। संस्थान इस प्रकार की पहलों का सदैव समर्थन करता रहेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय शर्मा ने छात्रों को इस प्रशिक्षण का लाभ लेने की सलाह दी। राहुल तिवारी ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का दौर स्टार्टअप और नवाचार का है। उद्यमिता विकास के लिए सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण आवश्यक है और हमारा प्रयास है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, जिससे वे सफल उद्यमी बन सकें। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ अनुराग पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में युवाओं और महिलाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। जिससे अधिक से अधिक प्रतिभागी इस प्रशिक्षण का लाभ उठाकर अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू करें और स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान दें। प्रशिक्षक विजय कुमार पांडेय ने सफल उद्यमी बनने के लिए सही प्रशिक्षण और सतत प्रयास की आवश्यकता को बताया। कार्यक्रम में लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें व्यवसाय योजना निर्माण, वित्तीय प्रबंधन, मार्केटिंग, डिजिटल टूल्स, सरकारी योजनाओं एवं विभिन्न व्यावसायिक अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

- **माइक्रो एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम का 12 दिवसीय आयोजन**

**सिटी इवेंट**

## राजयोगीनी जानकी के स्मृति पर मौन रहकर दी श्रंद्धाजलि



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका 104 वर्षीय राजयोगीनी दादी जानकी के स्मृति दिवस के अवसर भिलाई-दुर्ग के सभी सेवाकेंद्रो में ब्रह्मवत्सों ने मौन में रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह राजयोग सत्र के के बाद भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में दादी के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि दादी सच्चाई व सफाई की मूरत थी, उनके महावाक्य थे सच्चे दिल पर साहिब राजी। यानी जीवन में अगर सच्चाई का बल है तो परमात्मा हमारी कदम कदम पर मदद के लिए बंधायमान है। दादी जानकी ने सन 1974 से अपनी विदेश सेवाएं प्रारंभ की। जिसमें पहला सेवाकेंद्र लंदन में उनके सानिध्य में खुला, जिसके बाद अनवरत 104 वर्ष की उम्र तक भी उमंग उत्साह से अथक होकर आपने पूरे विश्व में अपनी योग शक्ति द्वारा विभिन्न संस्कृति के लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान व परमात्मा का सत्य परिचय देकर एक सूत्र वसुदेव कुटुंबकम् में बांधा। दादी जीवन के अंतिम समय में राजधानी रायपुर में विशाल सभा को भी संबोधित किया था।

**हेल्थ इवेंट**

## मॉडल टाउन में आवारा सांड ने किया वृद्ध पर हमला, बची जान



**भिलाई।** आवारा पशुओं के चलते सड़कों पर होने वाले हादसे से एक घायल को बचाया गया। मॉडल टाउन में घूम रहे आवारा सांड ने एक 80 वर्षीय व्यक्ति को घायल कर दिया। जिससे उसकी पसलियां उखड़ गईं। घायल को तत्काल हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल के सर्जन डॉ नविल शर्मा के साथ पूरी ट्रॉमा टीम ने उनकी जान बचाई। मरीज का काफी रक्त बह चुका था। डॉ नविल शर्मा ने बताया कि मरीज को तत्काल खून चढ़ाना शुरू किया। दो घंटे से अधिक चली सर्जरी के दौरान चार यूनिट खून चढ़ाना पड़ा। मरीज फिलहाल आईसीयू में सांस के सपोर्ट पर है. मरीज फिलहाल स्थिर है।

---

● **राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन**

# अग्नि नियंत्रण तकनीक, अग्निरोधक रसायनों व उपकरणों का स्वयंसेवकों को दिया प्रशिक्षण, किशोरियों को बांटे सैनेटरी पैड

**भिलाई।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बोडेगांव में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था। जिसके समापन अवसर पर राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम द्वारा आपातकालिन स्थिति में आग से बचाव की जानकारी दी गई। इस दौरान अग्नि नियंत्रण की तकनीक के साथ ही विभिन्न प्रकार के अग्निरोधक रसायनों एवं उपकरणों के बारे में डेमों कर दिखाया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में एनएसएस के स्वयंसेवकों के अतिरिक्त शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के अर्थशास्त्र और इतिहास विभाग के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी भी थे। शिविर के दौरान किशोरियों को सैनेटरी पैड वितरित किये गये।





### कैंप फायर में हुआ सकारात्मक ऊर्जा का संचार

कैंप के छठवें दिन रात में कैंप फायर किया गया और अपनी नकारात्मक ऊर्जा को त्यागकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का संदेश दिया गया। जिसमें पूर्व सीनियर स्वयंसेवक पारसमणी, आंचलदास मानिकपुरी, प्रशांत वर्मा, वेदांश सिंह, जतिन साहू आदि ने कैंप फायर कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एस एन झा, डॉ अभिनेष सुराना एवं क्रीड़ाधिकारी लक्ष्मेंद्र कुलदीप भी मंच पर उपस्थित थे। मंच संचालन स्वयंसेवक पोखराज, हरीश एवं आदिल ने किया। वरिष्ठ स्वयंसेवक मोरध्वज सतएक, ऋतिक के नेतृत्व एवं द्रविण, मिनेश , दीपांकर, हिमांशु, तोषण टुकेश्वर किशन सहित सभी स्वयंसेवक का सात दिवसीय शिविर के समापन में सक्रिय योगदान रहा।

### अग्निशमन के लिए दिया प्रशिक्षण

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस ग्राम बोडेगांव में राज्य आपदा मोचन बल ( एसडीआरएफ) द्वारा प्रभारी अधिकारी ईश्वर खरे के नेतृत्व में अग्निशमन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें अग्नि नियंत्रण की तकनीक के साथ ही विभिन्न प्रकार के अग्निरोधक रसायनों एवं उपकरणों की जानकारी दी गई। विभागाध्यक्ष डॉ पद्मावती एवं प्राध्यापक डॉ ज्योति धारकर ने बौद्धिक सत्र में कैंप के स्वयंसेवकों के साथ संवाद करते हुए विभिन्न गतिविधियों क्विज, तात्कालिक भाषण एवं गीत के माध्यम से सत्र को संबोधित किया।



### सांस्कृतिक सत्र में हुई कई गतिविधियां

सांस्कृतिक सत्र में मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ भूपेंद्र कुलदीप ने अपने उद्बोधन में ग्राम बोडेगांव के स्वतंत्रता सेनानी उदय प्रसाद ताम्रकार के योगदान को बताया। सांस्कृतिक सत्र में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के विभागाध्यक्ष डॉ अभिनेष सुराना, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राकेश तिवारी एवं विभागाध्यक्ष डॉ जीएस ठाकुर उपस्थित थे। डॉ सुराना ने कुलसचिव एवं ग्राम के युवा सरपंच पप्पी भूपेंद्र टंडन तथा पूर्व उप सरपंच हितेंद्र ताम्रकार के योगदान की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार किया।

### वितरित किया सैनेटरी पैड

कार्यक्रम के दौरान सैनिटरी पैड का वितरण सरपंच पप्पी टंडन एवं कुलसचिव की धर्मपत्नी कुलदीप के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित किशोरियों एवं महिलाओं को किया गया। कार्यक्रम अधिकारी तरुण साहू भी उपस्थित थे। प्राचार्य द्वारा स्वयंसेवकों की सुसज्जित झांकी को सांस्कृतिक रैली के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



---

**मुख्य द्वार का किया लोकार्पण**

# भक्त माता कर्मा की आरती कर 251 महिलाएं शोभायात्रा में हुई शामिल



**भिलाई।** क्षेत्रीय साहू मित्र सभा द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूजा आरती कर 251 महिलाओं के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई और भक्त माता कर्मा वाटिका के मुख्य द्वार का लोकार्पण किया गया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष खिलावन साहू, मुन्ना लाल साहू, रमेश साहू, कबीर साहू, तुलसी साहू, अमोल दास साहू, खेमचंद साहू, अजय साहू और खेद राम साहू की उपस्थिति में लोकार्पण किया गया। इस अवसर में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें कबीर साहू 10वीं, कुसुम साहू 12वीं टापर्स थे। वहीं कृष्णकांत साहू नीट चयनित, हेमु दास साहू व खेमलता साहू, अन्नपूर्णा को उत्कृष्ट कार्यकर्ता, बलिराम को श्रेष्ठ संरक्षक, हरीशचंद्र व रामसिंह को विशिष्ट दानदाता सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही 55 अलग-अलग विधाओं में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष परदेशी राम साहू सहित समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष, उत्कर्ष और आभार व्यक्त धनेश्वरी साहू ने किया।



---

**अजेय भारत संगठन का आयोजन**

# सनातन जागरण एवं गौ रक्षा के लिए आज निकलेगी मशाल यात्रा





**भिलाई।** धार्मिक व सामाजिक संगठन अजेय भारत के बैनर तले हिन्दू नववर्ष के अवसर पर 28 मार्च को भव्य मशाल यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन जागरण एवं गौरक्षा है। यह मशाल यात्रा पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास के सान्निध्य में शाम 6 बजे केलाबाड़ी चौक दुर्ग स्थित श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी। यात्रा में सनातनी हाथ में मशाल लेकर केलाबाड़ी से कसारीडीह चौक, आजाद चौक, कन्हैयापुरी चौक, मुक्तनगर बोरसी रोड का भ्रमण करते हुए छत्रपति शिवाजी चौक आदर्शनगर (महाराजा चौक) पहुंचेंगे। जहां यह मशाल यात्रा भव्य सभा के रुप में तब्दील होगी। सभा को पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास एवं आर्य जगत एवं गुरुकुल के स्नातक आचार्य डॉ. अजय आर्य व आचार्य अंकित आर्य द्वारा संबोधित कर सनातनियों का मार्गदर्शन किया जाएगा। यात्रा को लेकर धार्मिक व सामाजिक संगठन अजेय भारत के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए है। फलस्वरुप यात्रा गुजरने वाले मार्ग पर भगवा ध्वज व तोरण पताका से विशेष साज-सज्जा की गई है। जिससे पुरा क्षेत्र भगवामय हो गया है। यात्रा के स्वागत के लिए पूरे रास्तेभर विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा तैयारी है। यात्रा में सनातनियों के सैकडों की संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर भी क्षेत्र में विशेष उत्साह बना हुआ है।

- **पाटेश्वर धाम के संत राम बालक दास जी व आचार्य डॉ. अजय आर्य होंगे, शामिल**

### प्रभंजय ने दी भोरमदेव महोत्सव में प्रस्तुति, हुए सम्मानित



**भिलाई।** अंचल के भजन सम्राट प्रभंजय चतुर्वेदी ने भोरमदेव महोत्सव में प्रस्तुति दी और उन्हें सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के प्रतिष्ठित संगीत समारोह में भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी ने अपने समधुर भजनों की प्रस्तुति भोरमदेव महोत्सव में दी, जिसे जन समूह द्वारा सराहा गया साथ ही प्रस्तुति के पश्चात प्रभंजय चतुर्वेदी का सम्मान भी किया गया। प्रभंजय के साथ तबले पर भालचंद्र शेगेकर, की-बोर्ड पर दिलीप शर्मा, बांसुरी पर सतीश सिन्हा सहित ऑक्टोपेड पर देवब्रत मजुमदार ने संगत की।

---

**देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई का आयोजन**

# घर-घर जाकर चैत्र नवरात्रि और देवी भागवत का दिया न्योता, पंचमी को होगी गंगा आरती

**कार्नर न्यूज**

**परमेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि में 30 मार्च से 3.30 बजे से प्रतिदिन देवी भागवत पुराण कथा का होगा आयोजन**

**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई ने गुरुवार को चैत्र नवरात्रि एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर रिसाली से आमंत्रण रैली निकाली। रैली में शामिल देवांगन समाज के लोगों ने बाजे-गाजे के साथ हाथों में झंडे लेकर माता परमेश्वरी की जयकारा लगाते हुए प्रगति नगर एवं आशीष नगर की गलियों में घर घर जाकर नवरात्रि एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा का आमंत्रण पत्र दिया। रैली का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। आमंत्रण पत्र पाकर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। सभी ने देवांगन समाज के इस प्रयास की सराहना की।



### नवरात्रि में पूरे दिन होंगे आयोजन

समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया कि परमेश्वरी मंदिर में नवरात्रि की शुरुआत प्रतिपदा के दिन 30 मार्च को सुबह 8 बजे कलश यात्रा से होगी। इसके बाद मां परमेश्वरी की विधिवत पूजा के बाद मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 3.30 बजे से 6.30 बजे तक प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य डॉ नीलेश शर्मा श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनाएंगे। 2 अप्रैल को पंचमी के दिन माता का विशेष श्रृंगार कर संध्या के समय गंगा आरती के तर्ज पर विशेष सामूहिक आरती, 5 अप्रैल को अष्टमी की विशेष पूजा एवं 6 अप्रैल रामनवमी की सुबह 10 बजे हवन, राम जन्मोत्सव, आरती, कन्या भोज एवं विशाल भोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि में प्रतिदिन परमेश्वरी मंदिर में संध्या समय जस गीत, भजन एवं भक्ति संगीत का आयोजन होगा एवं भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### आमंत्रण रैली में हुए शामिल

आमंत्रण रैली में समिति के पदाधिकारी घनश्याम कुमार देवांगन अध्यक्ष, विनोद देवांगन सचिव, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र देवांगन, उपाध्यक्ष गण टेसू राम देवांगन, रेशमलाल देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, जनार्दन, जीतेन्द्र बांकुरे, होमलाल देवांगन, गोवर्धन देवांगन, सत्यपाल देवांगन, श्रवण देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, सुमन देवांगन , जयश्री देवांगन, गायत्री, दामिनी सहित बड़ी संख्या में देवांगन समाज के लोग उपस्थित थे। रैली में अभिषेक स्पोर्ट्स एवं कराटे एकेडमी के स्टूडेंट्स विशेष रूप से शामिल हुए, जो आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने घर घर जाकर निमंत्रण पत्र बांटे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप क्रिकेट में जारी है रोमांचक दौर



अवनीश सिंह धालीवाल ने बनाए 125 रन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 27 से 30 मार्च श्रृंखला में पहले दिन 4 मैच खेले गए।

**बी.एस.पी. ने जांजगीर चांपा के विरुद्ध बनाए 295 रन:** ग्रुप ए का सातवां चार दिवसीय मैच बीएसपी एवं जांजगीर चांपा के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। बीएसपी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 90 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 295 रन बना लिये हैं। बी.एस.पी. की ओर से वैभव साहु ने सर्वाधिक 89 नाबाद रन बनाये साथ ही संगीत सोनी ने 66 रनों का योगदान दिया। वहीं जांजगीर चांपा की ओर से हर्ष राठौर ने 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक बी.एस.पी. ने 5 विकेट पर 295 रन बना लियें है।

**बिलासपुर ब्लू के विरुद्ध रायपुर ब्लू के 254 रन:** ्रुप ए का आठवां चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लू एवं रायपुर ब्लू के मध्य सिविक सेंटर मैदान, भिलाई में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 89 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 254 रन बना लिये हैं। रायपुर ब्लू की ओर से अवनीश सिंह धालीवाल ने सर्वाधिक 125 रन नाबाद तथा आलोक साहू ने 48 रन बनाये। वहीं बिलासपुर ब्लु की ओर से इम्तियाज खान ने 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक रायपुर ब्लू ने 5 विकेट खोकर 254 रन बना लिए हैं।

**बिलासपुर के विरुद्ध रायपुर के 319 रन:** ग्रुप बी का सातवां चार दिवसीय मैच बिलासपुर एवं रायपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 81.3 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 319 रन बना लिये हैं। रायपुर की ओर से इयान कॉस्टर ने सर्वाधिक 97 रन नाबाद तथा प्रतीक यादव ने 49 रन बनाये। वहीं बिलासपुर की ओर से मयंक यादव ने 3 विकेट तथा धनंजय नायक ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक रायपुर ने 9 विकेट खोकर 319 रन बना लिये है।

**महासमुंद के विरुद्ध प्लेट कंबाइंड 83 रनों से आगे :** :्रुप बी का आठवां चार दिवसीय मैच महासमुंद एवं प्लेट कंबाइंड के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। प्लेट कंबाइंड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। महासमुंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 37.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाये। महासमुंद की ओर से कृतेश साहु ने सर्वाधिक 74 रन बनाये। वहीं प्लेट कंबाइंड की ओर से रोहन टांक ने 4 विकेट, हर्ष यादव तथा विजय यादव ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक प्लेट कंबाइंड ने अपनी पहली पारी में 46 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 204 रन बना लिये हैं। प्लेट कंबाइंड की ओर से विजय यादव ने नाबाद 48 रन तथा अमित कुमार यादव ने 45 रनों का योगदान दिया। महासमुंद की ओर से हमीद रजा तथा सुधांशु वर्मा ने 2-2 विकेट लिये। पहले दिन की समाप्ति तक प्लेट कंबाइंड 83 रनों से आगे है।

### बॉक्सिंग राष्ट्रीय चैंपियनशिप में रेलवे के खिलाड़ियों को स्वर्ण एवं कांस्य



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने 8 वीं एलिट बॉक्सिंग राष्ट्रीय चैंपियनशिप, नोएडा में भारतीय रेलवे की टीम से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीते हैं। इस प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की टीम विजेता रही। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सना माचा, टिकट कम कामर्शियल क्लर्क, बिलासपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि पूनम पूनिया, जूनियर अकाउंट क्लर्क, मुख्यालय बिलासपुर ने प्रभावशाली खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इन खिलाड़ियों की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

---

#### अवसाद से उबरने के बाद सामान्य होना नामुमकिन नहीं

# कुछ साइकोलॉजिकल टिप्स अपनाकर आप उबर सकते हैं गंभीर अवसाद से, बढ़ेगा खुद पर भरोसा

एंजायटी यानि चिंतातुर होना और इसके बाद वापस कॉन्फिडेंस पाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। लेकिन, अवसाद से उबरने के बाद सामान्य होना नामुमकिन नहीं है। इसके लिए एक्सपर्ट के बताए गए ये टिप्स आपके काम आ सकते हैं।

एंजायटी एक ह्यूमन रिएक्शन है। इसे हम तब अनुभव करते हैं जब हम तनावपूर्ण स्थितियों का सामना करते हैं। यह आमतौर पर नकारात्मक विचारों के कारण होता है। खासकर आप एंजायटी तब महसूस करते हैं, जब आप किसी परीक्षा को फेस करने वाले हों या फिर कोई दुर्घटना हुई हो। हालांकि, लंबे समय तक इस समस्या से मन और शरीर को नुकसान हो सकता है। एंजायटी और चिंता की वजह से दैनिक कामकाज में भी दिक्कतें आने लगती हैं। ऐसे में बेहद जरूरी है कि आप इसका सही से इलाज कराएं। कई लोग एंजायटी की वजह से अपना कॉन्फिडेंस भी खो देते हैं। इस परिस्थिति में क्या करना चाहिए, इसके लिए हमने हैदराबाद की आर्मी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज की साइकोलॉजिस्ट मृदुल अक्की से बात चीत की। उन्होनें बताया कि कैसे एंजायटी के बाद अपने अंदर आप कॉन्फिडेंस वापस ला सकते हैं।



### अपने विचार पैटर्न को चुनौती दें

एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप तनावग्रस्त हैं और इससे बाहर निकलना चाहती हैं, आपको अपनी चिंता को सबसे पहले स्वीकार करना चाहिए। इसे अक्सेप्ट करके आप अपनी परेशानियों को चुनौती दें। आपको अपनी समस्याओं से भागने की जरुरत नहीं है।

### इस तरीके से लें गहरी सांस



साइकोलॉजिस्ट के मुताबिक, एंजायटी से छुटकारा और वापस कॉन्फिडेंस पाने के लिए आपको रौजाना लॉन्ग ब्रीद लेनी चाहिए। इसके लिए, हमारे एक्सपर्ट ने 4-7-8 तकनीक के बारे में बताया है। इसके अनुसार, आपको सबसे पहले 4 सेकंड तक के लिए गहरी सांस लेना है। फिर, 7 सेकंड के लिए अपनी सांस रोकें और 8 सेकंड के लिए सांस छोड़ दें। इससे प्रणायाम से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी।

### अपने ट्रिगर्स को पहचानें और उसपर कंट्रोल बनाएं

आपको अपने अंदर के उन ट्रिगर्स को पहचानना बहुत जरुरी है, जो आपको सबसे ज्यादा परेशान करते हैं। साइकोलॉजिस्ट के अनुसार, ऐसा करने से आपके कॉन्फिडेंस में बदलाव नजर आएगा और आप एंजायटी से जल्दी रिकवरी पा सकते हैं।

### नकारात्मक लोगों से बनाएं दूरी

हैदराबाद की एक साइकोलॉजिस्ट के अनुसार, एंजायटी से पीड़ित लोगों को नकारात्मक लोगों से दूरी बनाने में ही फायदा होता है। उनका कहना है कि नकारात्मक लोगों से आपके मन में भी सिर्फ नकारात्मकता आएगी। ऐसे में, आप जल्दी रिकवर नहीं हो पाएंगे।

### सामाजिक मेलजोल बढ़ाएं



एक्सपर्ट के अनुसार, एंजायटी से रिकवरी पाने में आपको सोसाइटी से मदद मिलेगी। दरअसल, लोग इस दौरान अकेले और सबसे दूर रहना पसंद करते हैं, जिससे परेशानी और भी ज्यादा बढ़ जाती है। इसके लिए जरुरी है कि आप परिवार और दोस्तों के संपर्क में रहें और अपने विचारों और भावनाओं को साझा करें। इससे आपकी कनेक्टिविटी बढ़ती है और तनाव दूर होता है।

---



## जन्मदिन पर आप भी तो नहीं करते हैं ज्योतिष की ये गलतियां

हर व्यक्ति के लिए उसका जन्मदिन बहुत ही विशेष माना जाता है। इस दिन को यादगार बनाने के लिए वह कई तरह के काम करता है, ताकि शुभ फलों की प्राप्ति हो सके। सभी व्यक्ति के लिए उसका जन्मदिन बहुत ही विशेष होता है। जिसे उत्सव के रूप में पूरे विधि-विधान के साथ मनाया जाता है। इस दिन कई लोग केक काटकर, मोमबत्तियों को बुझाया जाता है और गुब्बारे फोड़े जाते हैं।

वहीं कुछ लोग जन्मदिन के सुअवसर पर दीर्घायु की मंगलकामना के लिए दीपक जलाते हैं। ऐसी मान्यता है कि पूरे विधि-विधान के साथ जन्मोत्सव मनाने से आयु और आरोग्य की प्राप्ति हो सकती है और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

अब ऐसे में इस दिन कई ऐसे ज्योतिष नियम हैं, जिन्हें करने की मनाही होती है। जो बहुत ही अशुभ माना जाता है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि जन्मदिन पर किन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

जन्मदिन पर तामसिक भोजन का आहार करने से बचें

अक्सर ऐसा होता है कि लोग अपने जन्मदिन पर तामसिक भोजन खाते हैं और जश्न मनाते हैं, लेकिन इस दिन तामसिक भोजन भूलकर भी नहीं करना चाहिए। इसे बहुत ही अशुभ माना जाता है और व्यक्ति के जीवन में



विभिन्न प्रकार की समस्याएं आने लग जाती है। इसलिए इस दिन तामसिक चीजों से दूर रहें।

### जन्मदिन पर शराब पीने से बचें

जन्मदिन पर शराब भूलकर भी नहीं पीना चाहिए। कई लोग अपने जन्मदिन पर मांस-मदिरा का सेवन खूब करते हैं। जो बहुत ही अशुभ माना जाता है। इससे नकारात्मकता का संचार होता है और व्यक्ति को कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ सकती है।

### जन्मदिन पर बाल और नाखून न काटें

जन्मदिन पर नाखुन और बाल भूलकर भी नहीं कटवाना चाहिए। इससे घर में कलह-क्लेश की स्थिति बनती है और सभी देवी-देवता (देवी-देवता मंत्र) भी क्रोधित हो सकते हैं। इसलिए अपने जन्मदिन पर इन बातों का खास ध्यान रखें।

### जन्मदिन पर बड़े-बुजुर्ग और साधु का अपमान न करें

जन्मदिन पर बड़े-बुजुर्ग और साधु का अपमान भूलकर भी नहीं करना चाहिए। इससे देवी-देवता नाराज हो सकते हैं और व्यक्ति के कभी सफलता (सफलता मंत्र) की प्राप्ति नहीं हो सकती है। इसलिए अगर आपके घर पर कोई भी आए। उसका आदर सम्मान जरूर करें और दान अवश्य दें। इससे शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है।

### जन्मदिन पर मोमबत्ती न बुझाएं

भारतीय सभ्यता में अग्नि को देवता माना गया है। इसलिए जन्मदिन पर फूंक मारकर मोमबत्ती को न बुझाएं। इससे नकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सकता है।



---

## लड्डू गोपाल पर चढ़ी तुलसी की मंजरी का करें ऐसे इस्तेमाल

लड्डू गोपाल की पूजा तो बहुत से घरों में होती है। रोजाना लड्डू गोपाल को पूजन के दौरान तुलसी की मंजरी और पत्ती चढ़ाई जाती है। बहुत से लोगों के मन में यह सवाल रहता है कि चढ़े हुए तुलसी की मंजरी का क्या करें।

लड्डू गोपाल की सेवा तो ज्यादातर हिंदू घरों में होता ही है। लड्डू गोपाल के पूजन से लेकर भोग तक तुलसी के बिना अधूरी है। तुलसी की मंजरी हो या पत्ती भगवान श्री कृष्ण को बहुत प्रिय है। बहुत से जगहों में लड्डू गोपाल को तुलसी की मंजरी और पत्ती से बनी हुई माला पहनाई जाती है। बहुत से लोगों के मन में यह सवाल आता है कि रोज-रोज जब तुलसी चढ़ाते हैं, तो वह इक्कठा हो जाते है, तो उसे क्या करना चाहिए। भगवान में चढ़े हुए तुलसी की मंजरी को फेंक भी नहीं सकते, नहीं तो उनका अपमान हो सकता है। इसलिए आज हम आपको कुछ तरीके बताएंगे, जिससे आप सम्मानपुर्वक चढ़े हुए तुलसी को दोबारा इस्तेमाल कर सकते हैं।

### लाल कपड़े में बांधकर लॉकर में रखें

भगावन श्री कृष्ण में चढ़े हुए तुलसी पत्र और मंजरी को इकट्ठा कर लाल कपड़ें में बांध लें और उसे अपनी घर के तिजौरी या लॉकर में रखें। भगवान में चढ़ी हुई तुलसी और मंजरी शुभ फलदायी होती है, इससे आपके आवक में वृद्धि हो सकती है।

### इकट्ठा कर दोबारा इस्तेमाल करें

सर्दियों और गर्मियों में मौसम के बदलाव के कारण ज्यादा तुलसी के मंजरी और पत्ते नहीं मिलते। ऐसे में आप चढ़े हुए तुलसी के पत्तों और मंजरी को किसी डिब्बे में स्टोर करें, फिर उसे तुलसी की



मंजरीऔर पत्ते न होने पर भगवान को स्नान और भोग लगाने के लिए फिर से इस्तेमाल कर सकते हैं।

### प्रसाद में डालने के लिए इस्तेमाल करें

तुलसी के मंजरी और पत्ते का उपयोग आप प्रसाद में डालने या फिर किसी को कुछ दान कर रहे हैं, तो उसके लिए फिर से इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा रविवार और एकादशीके दिन आप चढ़े हुए तुलसी के मंजरी और पत्ते को पूजा के लिए दोबारा इस्तेमाल कर सकते हैं।

### मंजरी के बीज निकालकर पौधा लगाएं

चढ़े हुए मंजरी को सुखाकर उसे मिट्टी में डालकर दूसरा नया पौधा बनाने के लिए उपयोग कर सकते हैं। मंजरी यदी पकी हुई है, तो उससे आसानी से नया पौधा तैयार हो जाएगा।

चढ़े हुए तुलसी के पत्ते और मंजरी का उपयोग आप खाने के लिए कर सकते हैं, बहुत सी दवाई और चाय में इसका उपयोग कर सेवन कर सकते हैं।

---

## बाजार जैसा लच्छा पराठा बनाएं, स्वाद जीत लेगा दिल

नाश्ता हो या फिर लंच व डिनर गर्मागर्म पराठे हर मौके पर लजीज लगते हैं।



पराठे ग्रेवी सब्जी से ड्राई सब्जी तक के साथ खाने में स्वादिष्ट लगते हैं। अधिकतर लोगों को पराठा पसंद होता है। पराठे के तरह से बनते हैं। लेकिन जब पराठे में ढेर सारी परते होती हैं तो उसका स्वाद दोगुना हो जाता है। लच्छा पराठा तो खाने के जायजा ही बदल देता है पर आमतौर पर घर पर लोग कई लेयर्स या परतों वाला पराठा नहीं बना पाते। इसे आप लच्छा पराठा भी कह सकते हैं। पराठे में जितनी ज्यादा परते होती हैं, उसका स्वाद उतना ही अच्छा लगता है। बाजार के लच्छा पराठा खाने के लिए आप पैसे खर्च करते हैं लेकिन हम आपको बताने जा रहे हैं 7 लेयर पराठा बनाने की रेसिपी। लच्छा पराठा बनाने की कुछ आसान टिप्स और ट्रिक्स हैं, जिन्हें फॉलो करके आप मिनटों में परफेक्ट पराठा बना सकती हैं।

### लच्छा पराठा बनाने का तरीका

गेहूं के आटे, मैदे और पानी को मिलाकर आटा गूंथ लें। आटा गूंथते समय इसमें थोड़ा तेल या घी मिलाएं।आटे को 15 मिनट के लिए ढक कर अलग रख दें। अब आटे की एक बड़ी लोई बेलें। इस लोई में से 7 पतली लेयर्स काट लीजिए। फिर इन सातों लेयर्स पर तेल और सूखा आटा लगाइए और एक के ऊपर एक रखते जाइए। सातों परतों को एक के ऊपर एक रख कर मोड़कर लोई बना लीजिए। इस लोई को हल्के हाथों से बेलें। धीरे धीरे से पराठे का आकार दे दीजिए। अब गैस पर तवा रखकर गर्म करें और उसपर बेला हुआ पराठा रखें। स्टेप 8- पराठे को एक तरफ सेंक लें, हल्का भूरा होने पर पलट कर घी लगा लें। तब तक दूसरी तरफ भी सेंक लें।

---

कार्नर न्यूज

#### योगासन आपको देता है दिल की तकलीफों से राहत

# आप चाहें तो कम कर सकते हैं हार्ट ब्लॉकेज का खतरा, अपनाइए कुछ बेहद आसान से आसन

खराब लाइफस्टाइल और खराब खानपान की वजह से इन दोनों हार्ट ब्लॉकेज की समस्या काफी ज्यादा बढ़ गई है इसके कारण हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी समस्या देखी जा रही है। दरअसल ब्लॉकेज का मुख्य कारण बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल होता है जो धमनियों को संकुचित कर देता है। अगर आप भी हार्ट ब्लॉकेज की समस्या से बचना चाहते हैं तो आप इन योगासनों को रूटीन में शामिल कर सकते हैं। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नुपूर रोहातगी जानकारी दे रही हैं।

### भुजंगासन

भुजंगासन करने से हार्ट हेल्थ को फायदा मिल सकता है। इससे दिल की मांसपेशियां मजबूत होती है। और ब्लॉकेज का खतरा भी काफी कम होता है। हालांकि अगर आपको हाई बीपी में इससे बचना चाहिए।

### कैसे करें भुजंगासन

इस आसन को करने के लिए सबसे पहले पेट के बल जमीन पर लेट जाएं। अब दोनों हथेलियां को जांघों के पास से जमीन की तरफ रखें। दोनों हाथों को आगे की ओर लाएं। अब अपने शरीर का सारा



वजन हथेलियों पर डाल दें। सांस खींचें और अपने सिर को उठाकर पीठ की तरफ खींचने की कोशिश करें। सिर को पीछे खींचते हुए छाती को आगे निकलने की कोशिश करें। इस तरह से आपका सिर सांप के फन की तरह नजर आएगा। इसके बाद अपने हिप्स, कंधों और पैरों को फर्श की तरफ दबाएं। इस स्थिति में करीब 15 से 30 सेकंड रहे। सांस छोड़ते हुए सामान्य स्थिति में आ जाएं।

### धनुरासन

धनुरासन करने से हार्ट ब्लॉकेज की समस्या को दूर करने में मदद मिलती है। एक्सपर्ट की माने तो इस आसन को करने से कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद मिलती है और जब आपका कोलेस्ट्रॉल होगा तो ब्लॉकेज की समस्या भी दूर होगी।

### धनुरासन कैसे करें

धनुरासन करने के लिए सबसे पहले आप योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। अब अपने दोनों हाथों को शरीर के समानांतर रखें। अपने पैरों को पीछे की ओर से मोड़ें,अब हाथों को पीछे की ओर ले जाते हुए पैरों को पकड़ने की कोशिश करें। इस स्थिति में काम से कम 30 सेकेंड या अपनी क्षमता के मुताबिक रुकें। अब सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में आ जाएं।




## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जस्टिन बीबर ने पत्नी हैली की शेयर की प्यारी तस्वीर, ऐसे जताया प्यार

पॉप स्टार जस्टिन बीबर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी पत्नी हैली की एक प्यारी तस्वीर शेयर की है, जो अब प्रशंसकों के बीच जमकर वायरल हो रही है। अब प्रशंसक उनकी इस पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया लगातार दे रहे हैं।



जस्टिन बीबर ने हैली की एक बेहद ही प्यारी तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है, जिसमें वह शानदार पोज देती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में हैली ने कैजुअल आउटफिट पहना हआ है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। इस तस्वीर में हैली किसी को देखकर मुस्कुराती नजर आ रही हैं। जस्टिन ने जैसे ही हैली की यह तस्वीर अपने इंस्टाग्रम पर शेयर की वैसे ही फैंस की प्रतिक्रिया आने लगी। एक यूजर ने लिखा, 'हैली के पास आपका फोन है', एक और यूजर ने लिखा, 'हम तुम से बहुत प्यार करते हैं हैली', एक और यूजर ने लिखा, 'आई लव यू बोथ'। जस्टिन और हैली ने साल 2018 में डेटिंग शुरू की थी और कुछ ही महीनों बाद दोनों ने शादी कर ली थी। जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पर एक बीटीएस वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह संगीतकारों के साथ काम करते नजर आ रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने इस वीडियो के साथ एक खास नोट भी लिखा था। जस्टिन ने लिखा था, 'उन्हें हमेशा दूसरों को खुश करने का दबाव महसूस होता है, जिससे वह अब थक गए हैं। यही वजह है कि इस दबाव में वह कभी-कभी खुद को खो देते हैं और उन्हें लगता है कि वह दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी लिखा कि वह खुद से नफरत करते हैं, जब वह दूसरों को खुश करने के लिए खुद को बदलते हैं।'

### टॉलीवुड

## जूनियर एनटीआर को देखकर खुशी से झूम उठे जापानी फैंस, साझा की तस्वीर

जूनियर एनटीआर ने जापान में अपने फैंस से मिले प्यार का वीडियो साझा किया है। इसमें जापानी फैंस खुशी से झूमते हुए नजर आए। अभिनेता की फिल्म 'देवराः पार्ट 1' जल्द ही वहां रिलीज होने वाली है, जिसके प्रचार के लिए इन दिनों वह जापान में हैं।



तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर इन दिनों जापान में अपनी नई फिल्म 'देवराः पार्ट 1' के प्रचार में व्यस्त हैं। यह फिल्म वहां 28 मार्च 2025 को रिलीज होने वाली है। कोरटाला शिवा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2024 में भारत में ठीक-ठाक कमाई करने में सफल रही थी। अब यह जापानी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने की पूरी कोशिश में है। हाल ही में जूनियर एनटीआर ने अपने एक्स (पहले ट्विटर) हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह ऑडिटोरियम में दाखिल होते दिख रहे हैं। वहां मौजूद फैंस की भीड़ ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। अपने पसंदीदा सुपरस्टार को देखते ही लोग खुशी से झूम उठे। वीडियो में जूनियर एनटीआर सीढ़ियों से गुजरते हुए फैंस को हाथ हिलाते और फ्लाइंग किस देते नजर आए। इस वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, ₹जापान, मैं अभिभूत हूं! 28 मार्च से जापानी दर्शकों के लिए सिनेमाघरों में देवरा रिलीज हो रही है। इस अनुभव करने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता।₹

जापान पहुंचते ही जूनियर एनटीआर को वहां के फैंस से गजब का प्यार मिल रहा है। वह प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपने खास पलों को शेयर कर रहे हैं। 'आरआरआर' की शानदार सफलता के बाद उनकी ग्लोबल फैन फॉलोइंग में अच्छा इजाफा नजर आया है। जापान में उनका यह दौरा 'देवराः पार्ट 1' की कमाई को और बढ़ाने वाला साबित हो सकता है।

### भोजपुरी

## एक मां की ममता और तंत्र विद्या में 'खिलौना' बताएगा किसकी होगी जीत

भोजपुरी सिनेमा की एक खास बात ये है कि इसकी कहानियां अभी भी समाज से जुड़ी हुई हैं। खासकर देश के ग्रामीण इलाकों से जुड़ी ये कहानियां बड़े पर्दे पर धमाल भी मचाती हैं। इसी कड़ी में एक और नई भोजपुरी फिल्म 'खिलौना' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। एमआई राज के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को माया यादव ने प्रोड्यूस किया है। जबकि कृष्णा यादव इसके एक्जीक्युटिव प्रोड्यूसर हैं। 'खिलौना' के 4 मिनट 23 सेकेंड के ट्रेलर में वह सबकुछ है, जो आपको इस फिल्म को देखने के लिए रिझाता है। ट्रेलर की शुरुआत एक खिलौना बेचने वाली से होती है, जो धीरे-धीरे एक प्यार में डूबे आशिकों और फिर उनकी शादी और परिवार की बानगी बन जाती है।



'खिलौना' में काजल यादव, माया यादव और राज कुमार जहां मुख्य भूमिकाओं में हैं, वहीं इसमें हीरा लाल यादव, निशा सिंह, रंजीत सिंह, गोपाल चौहान, और रश्मि शर्मा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। फिल्म की कहानी में एक नई नवेली दुल्हन है। उसका बच्चा है। एक अनहोनी है और फिर तंत्र विद्या का तांडव भी है। 'खिलौना' एक इमोशनल ड्रामा है, जिसमें संगीत का भी पूरा ध्यान रखा गया है। करीब साढ़े चार मिनट के ट्रेलर में ही हमें तीन-चार गानों की झलक मिल जाती है।

### सूर्योदय का फैशन

लाइफ स्टाइल



❝ अरूणाचल प्रदेश को 'सूर्योदय का देश' कहा जाता है। यहां के परंपरागत फैशन को आज दुनिया भर में एक अलग जगह दी जाती है। कुछ पहनावा तो परंपरागत ढंग से चला आ रहा है।यहां 'पोमो' या 'पार ईज'जैसे ड्रेस पहनने के पारंपरिक तरीके नहीं हैं, फिर से वर्तमान दुनिया के साथ तालमेल बिठाते हुए फैशन शो में इसे सर्वोत्तम संभव तरीके से पहना जाता है।

## घर पर बने हेयर सीरम से बालों का झड़ना होगा बंद, जानें बनाने का तरीका

मौसम कोई भी हो झड़ते बालों की समस्या हर किसी को होती है। इससे बचने के लिए अक्सर हम अलग-अलग प्रोडक्ट का इस्तेमाल भी करते हैं। वहीं कुछ प्रोडक्ट ऐसे होते हैं जिनके ज्यादा इस्तेमाल से बाल ज्यादा झड़ने शुरू हो जाते हैं। ऐसे में आप यहां बताए गए घरेलू नुस्खों को ट्राई कर सकती हैं। इससे बाल झड़ने कम हो जाएंगे।



### एलोवेरा जेल और एसेंशियल ऑयल का करें इस्तेमाल

एलोवेरा जेल बालों के लिए काफी अच्छा होता है इसलिए आप इसका इस्तेमाल बालों के लिए कर सकती हैं। एसेंशियल ऑयल भी बालों की ग्रोथ के लिए अच्छा होता है।

सामग्रीः एलोवेरा जेल-2 चम्मच एसेंशियल ऑयल-2 चम्मच नारियल का तेल- 1-2 चम्मच

### एलोवेरा जेल और एसेंशियल ऑयल बालों में करें इस्तेमाल

इसे बनाने के लिए सबसे पहले आपको एक कटोरी में एलोवेरा जेल और एसेंशियल ऑयल डालें। अब इसमें नारियल का तेल मिक्स करें। इसके बाद एक बोतल में डालकर रखें। फिर इसे हेयर सीरम की तरह इस्तेमाल करें और स्कैल्प (होममेड हेयर सीरम बनाने का तरीका) की मसाज करें।इसके बाद 30 मिनट के लिए इसे बालों में लगा रहने दें। फिर अपने बालों में शैंपू का इस्तेमाल करके साफ कर लें।

### झड़ते बालों की समस्या को कम करेंगे यह उपाय

**कैस्टर ऑयल और विटामिन ई हेयर सीरम :** बाजार में आपको कई तरह के अलग-अलग हेयर सीरम मिल जाएंगे। जिन्हें आप बालों में अप्लाई करेंगी। लेकिन आप चाहे तो घर पर भी इसे तैयार कर सकती हैं। इससे बालों का झड़ना कम हो जाएगा। इसके लिए एक कटोरी में कैस्टर ऑयल डालें। अब इसमें विटामिन ई का कैप्सूल एड करें।

## सिंपल सूट को हैवी लुक देने के लिए इन टिप्स को करें फॉलो, लुक दिखेगा आकर्षक



स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको स्टाइलिंग करते समय लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के साथ-साथ अपनी बॉडी टाइप का खास ख्याल रखना जरूरी होता है।



स्टाइलिश दिखना बिल्कुल भी आसान नहीं होता है। इसके लिए आपको हर छोटी-बड़ी चीज का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। वहीं सूट पहनना हम सभी पसंद करते हैं और इसके कई डिजाइन और वैरायटी आपको मार्केट में देखने को मिल जाएगी।

आजकल की बात करें तो अब प्लेन या मिनिमल डिजाइंस को काफी पसंद किया जाने लगा है, लेकिन इसे हैवी लुक देने के लिए आज भी कई हैक्स मौजूद हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं उन हैक्स की जिनकी मदद से आप आसानी से प्लेन और सिंपल सूट को हैवी लुक दे सकती हैं और अपने स्टाइल स्टेटमेंट को अपग्रेड कर सकती हैं।

### सूट के गले को कैसे दे आकर्षक लुक?

सूट के गले को आकर्षक लुक देना चाहती हैं तो इसके लिए आप प्लेन सूट पर पैच वर्क लगवा सकती हैं। इस तरह के रेडीमेड नेक पैच का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा आप चाहे तो बटन भी लगवा सकती हैं। वहीं अगर आप गले में हैवी डिजाइन नहीं बनवाना चाहती हैं तो नेकलाइन के लिए कोई स्टाइलिश डिजाइन को चुन सकती हैं।

### सूट में कैसे करें लेस का इस्तेमाल?


सूट में लेस वर्क का इस्तेमाल आप कई तरीके से कर सकती हैं। लेस लगाने के लिए आप प्लेन फैब्रिक को खरीदकर सूट को बनवा सकती हैं और उसे आकर्षक लुक देने के लिए इसमें तरह-तरह से लेस लगवा सकती हैं। लेस में आपको गोटा-पट्टी, पाइपिंग और चिकनकारी डिजाइन की लेस को लगवा सकती हैं। इस तरह लेस को आप घेरे, स्लिट, बाजू, नेक लाइन पर लगवा सकती हैं।

## त्वचा की रंगत निखारने से लेकर एंटी-एजिंग तक, इस्तेमाल करें मुलेठी

स्किन इंफेक्शन होने पर मुलेठी का इस्तेमाल किया जा सकता है। मुलेठी के इस्तेमाल से त्वचा की रंगत निखरने लगती है। मुलेठी से आप फेस पैक बना सकती हैं।

स्वास्थ्य के लिए मुलेठी बेहद फायदेमंद होती है। खांसी-जुखाम से लेकर डेंगू जैसी गंभीर बीमारी से राहत पाने के लिए मुलेठी का इस्तेमाल किया जाता है। क्या आप जानती हैं कि चेहरे पर भी मुलेठी पाउडर का उपयोग किया जा सकता है? त्वचा संबंधी कई तरह की समस्याओं से निजात पाने के लिए मुलेठी लाभकारी है।

चेहरे पर मुलेठी लगाने के फायदों के बारे में हमने ब्यूटी एक्सपर्ट शहनाज हुसैन से बात की है। चलिए उन्हीं से जानते हैं कैसे करें चेहरे पर मुलेठी का उपयोग।



### मुलेठी से कैसे बनाएं ग्लोइंग स्किन के लिए पैक?

मुलेठी के उपयोग से त्वचा की रंगत निखरने लगती है। इसमें ग्लेब्रेन तत्व पाया जाता है, जिससे त्वचा का रंग साफ होने लगता है। आप मुलेठी से फेस पैक बना सकती हैं। पैक बनाने के लिए ये स्टेप्स फॉलो करें-

त्वचा की रंगत निखारने के लिए 4 चम्मच मुलेठी पाउडर में 2 चम्मच गुलाब जल डालें। अब दोनों चीजों को अच्छे से मिला लें। आप चाहें, तो पैक बनाने के लिए गुलाब जल के बजाय खीरे के रस का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन पर अच्छे से लगा लें। पैक के एक लेयर बननी चाहिए।

## आंखों के नीचे पड़ रहे हैं एजिंग स्पॉट्स, तो अपनाएं ये ब्यूटी हैक्स

40 की उम्र होने के बाद आखों के नीचे पड़ रही हैं झाइयां, तो ये घरेलू नुस्खे आपके आ सकते हैं काम। एक बार जरूर ट्राई करके देखें। उम्र बढ़ने के साथ-साथ त्वचा में बहुत सारे बदलाव आते हैं। आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स आना या फिर झाइयां पड़ना भी इन्हीं में से एक। यह दिक्कत आम तौर पर हर किसी को उम्र के 35वें पड़ाव पर पहुंचते-पहुंचते हो जाती है। खासतौर पर 40 की उम्र की महिलाओं के चेहरे पर आपको एजिंग स्पॉट्स नजर आए जाएंगे। ब्यूटी एक्सपर्ट डॉक्टर भारती तनेजा कहती हैं, ₹ आंखों के नीचे का हिस्सा गतिशील नहीं होता है, इसलिए एजिंग स्पॉट्स आने की सबसे ज्यादा संभावनाएं वहीं होती हैं। इसलिए आपको चेहरे की मसाज नियमित करनी चाहिए और आप रसोई में मौजूद कुछ चीजों का भी प्रयोग कर सकती हैं। ₹



### क्यों पड़ते हैं आंखों के नीचे एजिंग स्पॉट्स?

एज फैक्टर के अलावा इसके दो कारण हो सकते हैं। पहले तो यह कि आंखों के नीचे आप मसाज नहीं करती हैं और दूसरा यह कि आप बहुत ज्यादा धूप में रहती हैं। दरअसल, धूप में रहने की वजह से त्वचा में मेलेनिन ज्यादा बनने लगता है और इससे चेहरे पर डार्क स्पॉट्स उभर आते हैं।

एलोवेरा जेल और गुलाबजल को मिक्स करके आइस ट्रे में मिश्रण को डालें और आइस क्यूब्स बना लें। फिर आप इन आइस क्यूब्स को आंखों के नीचे लगाएं। नियमित रूप से आप 5 मिनट ऐसा करें। इससे आपकी आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स और स्पॉट्स दोनों ही गायब हो जाते हैं। ग्रीन-टी के पानी में नींबू के रस की 5 बूंद मिक्स करें और इसे ठंडा कर लें। फिर आप इस मिश्रण में कॉटन बॉल्स को डिप करें और इस मिश्रण को आंखों के आस-पास लगाएं।

### कार्नर न्यूज

### ब्लैक जींस को आप दे सकते हैं न्यू लुक

## रंगत उतर गई है आपके ब्लैक जींस की तो अपनाइए इन टिप्स को, निखरेगी स्टाइल

पैंट के मामले में हर किसी की पसंद अलग अलग हो सकती है, लेकिन जब बात जींस की हो, तो सबकी पसंद एक ही होती है। ऐसा माना जाता है कि पुरुषों के वार्डरोब में चाहे किसी भी कलर की जींस हो या न हो, लेकिन ब्लैक जींस हर किसी के वार्डरोब का हिस्सा होती है। ब्लैक जींस को लेकर ये आम धारणा है कि इसे पहनने के कुछ समय बाद इसका रंग फेड हो जाता है। अब हम जींस के फेड हुए कलर का तो कुछ नहीं कर सकते, लेकिन आपको कुछ ऐसे टिप्स जरूर बता सकते हैं जिनकी मदद से आप ब्लैक जींस का कलर फेड होने से रोक सकते हैं और जरुरत पड़ने पर जींस को फिर से डाई भी कर सकते हैं।

इन टिप्स का अपनाकर आप अपनी फेड हुई जींस को फिर से नया बना सकते हैं और अपनी स्टाइल को अपडेट भी रख सकते हैं। सबसे आप टिप्स में ये समझिए कि कैसे आप अपनी फेड हुई जींस को फिर से डाई कर सकते हैं।



### जींस डाई करने के लिए समय निकालें

ये सबसे जरूरी बात है। जब भी आप अपनी जींस को डाई करना चाहें, तो सबसे पहले उसके लिए आपको समय की जरुरत है। याद रखिए ये काम जल्दबाजी का नहीं है। आप वो वक्त चुनें, जब आपके पास कुछ घंटे का समय हो। जींस को डाई करने से पहले उसे अच्छी तरह से धो लें। इसका कारण यह है कि अगर आपकी जींस गंदी है, तो वो डाई को अच्छी तरह से नहीं सोख पाएगी और आपकी सारी मेहनत बेकार हो जाएगी।

### सही डाई कलर का चुनाव करें

जींस डाई करने से पहले आपको सही डाई कलर का चुनाव करना आना चाहिए। आपको डाई कलर लिक्विड और पाउडर दोनो फॉर्म में मिल जाएंगे। डाई का इस्तेमाल करने से पहले आपको उसके बॉक्स पर लिखे इन्सट्रक्शन को भी ध्यान से पढ़ लेना चाहिए। ये इसलिए जरूरी है क्योंकि लिक्विड डाई ज्यादा कंसंट्रेट होती है। पहले से ही पानी में घुले होने के कारण इसे कम यूज करना होता है। वहीं, अगर आप पाउडर डाई का चुनाव कर रहे हैं, तो आपको उसे पहले गरम पानी में घोलना होता है। इसके अलावा पानी और डाई की मात्रा का ध्यान रखना भी बेहद आवश्यक है।



### जरूरी चीजों को इकट्ठा करना

जींस डाई करने से पहले इस्तेमाल में आने वाली सभी जरूरी चीजों को एकत्रित कर लें। आपको डाई करने के लिए मेटल की एक बड़ी चम्मच, रबर के ग्लव्स, टब और न्यूजपेपर जैसी चीजों की जरुरत पड़ेगी। आप जिस जगह पर डाई करने जा रहे हैं, वहां न्यूजपेपर बिछा लें, ताकि डाई फर्श पर न लगे।

### जींस को कलर सोखने दें

डाई के बॉक्स पर लिखे इन्सट्रक्शन के अनुसार जींस को कलर सोखने दें। याद रखिए जींस जितनी देर तक सोखेगी, आपको कलर भी उतना ही डार्क मिलेगा। बस टब या बाल्टी में जींस डालने के बाद उसे बीच बीच में चलाते रहें, ताकि पूरी जींस एकसमान तरीके से डाई होगी। आप चाहें तो डाई फिक्सेटिव का भी इस्तेमाल कर सकते हैं, जो जींस पर कलर को रोकने का काम करेगा।

जींस को धोएं और सुखाएं

डाई करने के बाद जींस को ठंडे पानी में धोएं। धोने के लिए जेंटल डिटर्जेंट का प्रयोग करें। अगर आप वॉशिंग मशीन में जींस को धो रहे हैं तो उसके साथ कोई अन्य कपड़ा न धोएं। ड्रायर का प्रयोग करते समय भी इस बात का ध्यान अवश्य रखें।